कबीर की भाषा

माताबदल जायसवाल
हिन्दी-विभाग
प्रयाग विश्वविद्यालय
प्रयाग

कैलाश [illegible]
इलाहाबाद-२

प्रकाशक
कैलाश ब्रदर्स
इलाहाबाद-३,

मूल्य ११.००
संस्करण १९६५

मुद्रक :
लीडर प्रेस,
इलाहाबाद

स्वर्गीया माँ सुखदा देवी

की

पुण्य स्मृति में

तृतीया	(पु०)	केण, कइं	(पु०)	केहिं
	(स्त्री०)	काइं, काए	(स्त्री०)	केहि,काहि
पंचमी	(पु०)	कउ, कहे	(पु०)	कहुं
	(स्त्री०)	काहे	(स्त्री०)	काहिं
चतुर्थी और षष्ठी	(पु०)	कहो, कहु कस्स, कासु	(पु०)	काहं—ह
	(स्त्री०)	काहि, काहि	(स्त्री०)	काहि
सप्तमी	(पु०)	कहि, कहिं	(पु०)	काहिं
	(स्त्री०)	काहिं	(स्त्री०)	काहिं

किं, कवणु, काइं, क

	एक वचन	बहु वचन
	को	किवि, केवि
प्रथमा द्वितीया	कवण	कवणु
	कोवि < कोपि	
	कमना, कवण, कोई, कोइ < कोवि,	
	कुइ < कोई, काह	
(न०)	किं, कि, कवि, काइं,	काहं
तृतीया	कइं, केण, कवणें	केहि, केहिं
पंचमी	किहे	
षष्ठी	कासु, कसु, कहो, कहु, काह	
सप्तमी	कहिं	

स्त्रीलिंग में का—प्रकृति से कर्ता और कर्म एक वचन में 'क' या 'क', करण में 'काए' और काइं, सम्बन्ध में 'काहे', 'कहे', 'काहि', 'कहि' रूप पाये जाते हैं।

यत्, तत् और किम् सर्वनामों की 'ज','त' और 'क' प्रकृतियाँ अपभ्रंश साहित्य में भली प्रकार देखी जा सकती हैं।

५. अनिश्चयवाचक सर्वनाम—

अपभ्रंश के ये सर्वनाम पि, वि, मि, इ<सं० अपि; चि<सं० चित् लगाकर बनाये जाते हैं।

'किं' और 'काइं' अव्यय की भाँति भी प्रयुक्त होते हैं। 'कवण' प्रश्नवाचक सर्वनाम सदृश भी प्रयोग में आता है।

कबीर की भाषा

(व्याकरणिक प्रयोगावृत्तियों का विशेष अध्ययन)

माताबदल जायसवाल
हिन्दी-विभाग
प्रयाग विश्वविद्यालय
प्रयाग

कैलाश ब्रदर्स
इलाहाबाद-३

स्वर्गीया माँ सुखदा देवी
की
पुण्य स्मृति में

भूमिका

हिन्दी भाषा और साहित्य के इतिहास में महात्मा कबीर एक अद्भुत व्यक्तित्व लेकर अवतरित हुए हैं। मसि-कागद और लेखनी का स्पर्श न करने पर भी हिन्दी भारती के मन्दिर में तुलसी, सूर के पश्चात् उन्हीं को आसन दिया जाता है। हिन्दी साहित्य में संभवतः कबीर ही पहले कवि हैं जो संस्कृतरूपी कूप-जल से हट कर साहस-पूर्वक भाषारूपी बहते नीर के पान करने के लिए लोक समुदाय को आमंत्रित करते हैं। काव्य-कला की दृष्टि से भले ही कबीर की भाषा काव्योचित अथवा अलंकृत न हो किन्तु भाषा-वैज्ञानिक दृष्टि से कबीर की भाषा अत्यन्त समृद्धिशाली है। जिस प्रकार हम कबीर को भारतीय साहित्य-धर्म-साधना के चौराहे पर पाते हैं उसी प्रकार भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से कबीर भाषा के चौराहे पर भी आसीन हैं। इसी कारण से मध्य-कालीन समस्त कवियों में कबीर की भाषा का भाषा-वैज्ञानिक अध्ययन सर्वाधिक महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ अत्यधिक जटिल तथा उलझन में डालने वाला है। आधुनिक हिन्दी साहित्य के प्रथम खेवे के आलोचक जिस प्रकार कबीर के साहित्य-धर्म-उपासना के मूल्यांकन में पूर्वाग्रह का मोह नहीं त्याग सके उसी प्रकार कबीर की भाषा को भी सधुक्कड़ी, पचरंगी, खिचड़ी, अपरिपक्व आदि नामों से पुकारा गया है। कबीर की भाषा के संबंध में सबसे बड़ी उलझन का प्रथम कारण तो यह था कि कबीर के काव्य का कोई प्रामाणिक पाठ नहीं मिलता था। सौभाग्य से प्रयाग विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा० पारसनाथ तिवारी ने कई वर्षों के सतत प्रयास के पश्चात् कबीर ग्रन्था-वली का एक वैज्ञानिक संपादन प्रस्तुत किया, जिसे प्रयाग विश्वविद्यालय हिन्दी परिषद् ने प्रकाशित किया है। इस ग्रन्थ के प्रकाशन के पश्चात् ही मेरे मन में इस ग्रन्थ के भाषा वैज्ञानिक अध्ययन की उत्कंठा जागृत हुई। सर्वप्रथम मानक (स्टैंडर्ड) हिन्दी के उद्गम और विकास के लिए सामग्री संकलन के हेतु केवल खड़ी बोली के रूपों को चुनने के लिए सीमित दृष्टि से ही यह अध्ययन आरम्भ हुआ; किन्तु खड़ी बोली के रूप अन्य भाषा-रूपों से इस प्रकार गुथे प्रतीत हुए कि सीमित अध्ययन से न तो मुझे संतोष हुआ और न कबीर के प्रति न्याय होता दीख पड़ा। अतएव कबीर की भाषा का सर्वांगीण रूप से भाषा वैज्ञानिक अध्ययन आरम्भ किया और ध्वनि-पद-वाक्य तथा शब्द-कोश संबंधी कई सहस्र कांड बन गए; किन्तु इतना करने पर भी ऐसा प्रतीत हुआ; कि कबीर की

भाषा के भाषा वैज्ञानिक अध्ययन के लिए केवल ध्वनि-पद-शब्दकोश संबंधी एक या अनेक प्रयोगों के संकलन मात्र से कबीर की भाषा की प्रकृति को पहचानना कठिन होगा—अतएव इस उद्देश्य से पुनः अध्ययन आरम्भ किया गया कि कबीर के काव्य साखी-सबद-रमैनी में आए हुए समस्त व्याकरणिक प्रयोगों की समस्त प्रयोगावृत्तियों (Frquencies) का विवेचन किया जाए। इसी उद्देश्य की पूर्ति में लगभग २५० पृष्ठों का यह छोटा-सा एक प्रवन्ध तैयार हो गया है।

प्रस्तुत प्रबंन्ध में कबीर की भाषा के भाषा वैज्ञानिक अध्ययन तथा विश्लेषण का प्रयास किया गया है। मध्यकालीन कवियों में कबीर की भाषा हिन्दी भाषा के विकास की दृष्टि से जितनी अधिक महत्वपूर्ण है उतनी ही अधिक समस्यामूलक तथा उलझन में डालने वाली है। प्रस्तुत अध्ययन में इसी उलझे प्रश्न को सुलझाने का प्रयास किया गया है। इस प्रबंध की निम्नलिखित विशेषताएँ द्रष्टव्य हैं :—

१—हिन्दी साहित्य के प्रथम खेवे के आलोचक कबीर की भाषा के सम्बन्ध में अपने-अपने पूर्वाग्रह का मोह त्यागने में असमर्थ थे यही कारण है, कि सधुक्कड़ी, पचरंगी, खिचड़ी तथा अपरिपक्व आदि नामों से कबीर की भाषा को संबोधित किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में विना किसी पूर्वाग्रह के, विना किसी पक्षपात के वस्तुपरक विश्लेषण तथा विवेचन के आधार पर जो भी निष्कर्ष निकले सच्चाई से पाठकों के सम्मुख रख दिये गये हैं।

२—अध्ययन-पद्धति की दृष्टि से प्रस्तुत अध्ययन में ऐतिहासिक भाषा विज्ञान की यूरोपीय पद्धति (जिसका अनुसरण भारत में डा० चटर्जी, डा० सक्सेना तथा डा० धीरेन्द्र वर्मा आदि विद्वानों ने अपने शोध प्रबन्धों में किया) तथा अमरीकी पद्धति का समन्वित रूप अपनाया गया है।

३—कबीर की भाषा में प्रयुक्त प्रत्येक व्याकरण पद की प्रयोगावृतियों (Frequencies) का विवेचन इस अध्ययन की सबसे बड़ी मौलिकता अथवा विशेषता कही जा सकती है। वर्तमान बोलियों की दृष्टि से कबीर की काव्य-भाषा में भिन्न-भिन्न बोलियों के रूप प्रयुक्त हुए हैं। अतएव कबीर की मूलाधार बोली का निर्धारण तब तक नहीं हो सकता जब तक कि एक ही व्याकरणिक अर्थ को प्रकट करने वाले रूपों की प्रयोगावृत्तियों का तुलनात्मक तथा सापेक्षिक विवेचन नहीं किया जायगा। उदाहरणार्थ संबंधकारकीय परसर्ग के रूप में क० ग्रं० में 'का' 'को' 'कौ' केर' 'क' आदि अनेक परसर्ग प्रयुक्त हुए हैं। वर्तमान युग में ये भिन्न-भिन्न परसर्ग भिन्न-भिन्न हिन्दी की बोलियों से संबंधित हैं। प्रस्तुत अध्ययन में इतना ही बता देना पर्याप्त नहीं समझा गया कि क० ग्रं० में संबंधकारकीय परसर्ग के रूप में 'का', 'को', 'कौ' केर', 'क' आदि अनेक परसर्ग प्रयुक्त हुए हैं, बल्कि इस तथ्य का भी विवेचन किया गया है, कि कौन परसर्ग कितनी बार

प्रयुक्त हुआ है। इतना ही नहीं, समध्वनीय भिन्नार्थक पदों (Homphonous) की भी प्रयोगावृतियों का विवेचन किया गया है। उदाहरणार्थ क० गं० में पुरुषवाचक सर्वनाम उत्तम पुरुष, ए० व० का पदग्राम 'मैं' और अविकरणकारकीय परसर्ग 'मैं' समध्वनीय होने पर भी दो भिन्न-भिन्न पदग्राम हैं।

४—प्रस्तुत अध्ययन में प्रयोगाधिक्य के आधार पर ही क० काव्य की मूलाधार बोली का निर्धारण किया गया है। क० गं० में अनेक ऐसे रूप मिलेंगे जो तत्कालीन खड़ी, ब्रज, अवधी, राजस्थानी में सर्वनिष्ट हैं। ऐसे रूपों को मूलाधार बोली की प्रकृति-निर्धारण में नहीं लिया गया, इसके लिये केवल उन्हीं रूपों या पदों की प्रयोगावृत्तियों का सापेक्षिक अध्ययन किया गया है, जो खड़ी, राजस्थानी, ब्रज, अवधी, भोजपुरी आदि हिन्दी की बोलियों में भिन्न-भिन्न रूपों में पाये जाते हैं। यथा—संबंधकारकीय परसर्ग के रूप में 'की' सर्वनिष्ट हैं, किन्तु 'का' केवल खड़ी में 'को' 'कौ' केवल ब्रज, राजस्थानी में तथा 'केर' 'क' केवल अवधी, भोजपुरी में प्रयुक्त होते हैं। अतएव ये रूप मूलाधार बोली के निर्धारण में सहायक हो सकते हैं। प्रस्तुत अध्ययन में इन्हीं विशिष्ट रूपों के आधार पर मूलाधार बोली (Basic dialect) का निर्धारण हुआ है। इस विषय में भी केवल एक पद श्रेणी में प्रयोगाधिक्य देखकर तुरन्त कोई निष्कर्ष नहीं निकाला गया, बल्कि संज्ञा, सर्वनाम विशेषण, क्रिया, अव्यय आदि समस्त पदश्रेणियों (Paradigm) में प्रयोगाधिक्य देखकर ही किसी बोली को मूलाधार बोली (basic dialect) की संज्ञा दी गई है। इस पद्धति को अपनाने पर प्रस्तुत अध्ययन में जो निष्कर्ष निकले हैं, उनके संबंध में (मेरी जानकारी में) न तो किसी भी विद्वान ने संकेत किया और न मैंने ही इस निष्कर्ष की प्रस्तावना मन में सोची थी। भले ही इस प्रबन्ध के निष्कर्ष अंतिम निष्कर्ष न ठहरें, किन्तु वस्तुपरक वैज्ञानिक पद्धति को अपनाते हुए इस प्रकार के परिणाम तक पहुँचने का यह अपने ढंग का प्रथम मौलिक प्रयास है।

५—आधुनिक भाषाविज्ञान की तुलनात्मक पद्धति को अपनाते हुए कबीर से १ शती पूर्व तथा १ शती पश्चात् और कबीर के समसामयिक कवियों की भाषा और क० ग० की भाषा के तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर कबीर के आविर्भाव-काल तथा प्रस्तुत पाठ (कबीर ग्रंथावली—हिन्दी परिषद विश्वविद्यालय प्रयाग) का कालनिर्णय करने का प्रयास किया गया है। इस तुलनात्मक अध्ययन को वैज्ञानिक रूप से यदि पूर्णतया किया जाता तो इसी दिशा में इतना ही विस्तृत एक प्रबन्ध और तैयार हो सकता था, किन्तु स्थानसंकोच के कारण इस दिशा में इतना विस्तृत अध्ययन संभव नहीं हो सका, फिर भी इस दिशा को अपना कर कबीर के काल निर्णय की नयी पद्धति की ओर संकेत किया गया है। इस प्रकार कबीर की भाषा चदरिया के ताने बाने का वैज्ञानिक विश्लेषण करके उसे 'जस की तस' धर देने का प्रयास ही इस प्रबंध का मुख्य उद्देश्य

रहा है। इस प्रयास में सफलता कहाँ तक मिली इसे तो पारखी विद्वान ही कह सकते हैं। अपनी तुच्छ बुद्धि के साथ इस संबंध में मौन रहना ही मैं अपने लिये श्रेयस्कर समझता हूँ।

इस कार्य को आरम्भ करके इसे गन्तव्य स्थल तक पहुँचाने की सतत प्रेरणा तथा मीठी फटकार अग्रज तुल्य डा० लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय (डीन स्टूडेन्ट वेलफेयर—इलाहा-वाद यूनीवर्सिटी) से मिलती रही है। प्रस्तुत अध्ययन में मध्यकालीन अवधी के लिए डॉ० वाबूराम सक्सेना, ब्रज भाषा के लिए डॉ० धीरेन्द्रवर्मा तथा भोजपुरी के लिए डॉ० उदयनारायण तिवारी की कृतियों से विशेष सहायता मिली है। इस अध्ययन में उठने वाली अनेक भाषा वैज्ञानिक ग्रन्थियों के सुलझाने में अपने वरिष्ट सहयोगी डॉ० हरदेव वाहरी के सत्परामर्श तथा निर्देशन से मैं अत्यंत लाभान्वित हुआ हूँ।

डॉ० राम कुमार वर्मा (अध्यक्ष हिन्दी विभाग), डॉ० उदयनारायण तिवारी (अध्यक्ष हिन्दी विभाग ~~प्रयाग विश्वविद्यालय~~ जवलपुर विश्वविद्यालय), डॉ० हरदेव बाहरी (वरिष्ट प्रवक्ता हिन्दी विभाग विश्वविद्यालय, प्रयाग) की सम्मति से प्रयाग विश्व-विद्यालय ने प्रस्तुत अध्ययन को डी० फिल के समकक्ष स्वीकार किया है। इन समस्त गुरुजनों और वरिष्ट अध्यापकों के प्रति विनम्र कृतज्ञता प्रकट करना मैं अपना पुनीत कर्त्तव्य समझता हूँ। मेरे सुहृद, सहपाठी तथा सहयोगी डॉ० पारसनाथ तिवारी द्वारा संपादित 'कबीर ग्रंथावली' तथा 'शब्दकोश' के बिना प्रस्तुत अध्ययन दुःसाध्य था। अपने और उनके बीच में धन्यवाद की दीवाल नहीं उठाना चाहता। मेरे मित्र तथा सहयोगी डॉ० मोहन अवस्थी, रमानाथ शर्मा तथा अन्य सहयोगियों के विचारविमर्श के फल-स्वरूप अनेक उपयोगी सुझाव मिले हैं। कैलाश ब्रदर्स इलाहाबाद के उदीयमान प्रकाशक श्री रामनाथ मेहरोत्रा के उत्साह के लिए साधुवाद देने में मुझे हार्दिक प्रसन्नता का अनुभव होता है।

माताबदल जायसवाल

शिवरात्रि २०२२

विषय-सूची

—

वर्णग्रामिक अनुशीलन GRAPHEMICS

१.० कबीर (सं० १४५६-१५७५) की काव्य (साखी-सबद-रमैनी) भाषा के 'गठनात्मक अध्ययन' (Structural Study) के लिए सर्वप्रथम यह आवश्यक है, कि जिस लेखनप्रणाली में कबीर की भाषा लिखित रूप में प्राप्त है उसका वर्णग्रामिक[1] विश्लेषण कर लिया जाय। इस उद्देश्य-पूर्ति में सबसे बड़ी कठिनाई यह है कि न तो कबीर ने स्वयं कभी कलम हाथ में धरा; न मसिकागद छुआ[2] और न कबीर की समसामयिक हस्तलिखित प्रति ही मिली। भाषा की भाँति लेखन-प्रणाली में भी यदा-कदा मंथरगति से परिवर्तन होता रहता है। कभी-कभी भाषा तो विकसित होकर परिवर्तित हो जाती है; किन्तु परम्परा का प्रेमी लिपिकार लेखन-प्रणाली की प्राचीन पद्धति को ही अपनाए रहता है और कभी-कभी परिवर्तन-प्रेमी लिपिकार लेखन-प्रणाली में इतना अधिक परिवर्तन कर देता है, कि एक ही पदग्राम या ध्वनिग्राम को अभिव्यक्त करने के लिए कई प्रकार की वर्तनी (Spelling) प्रचलित हो जाती है। जिसके माध्यम से प्राचीन भाषा के मूलस्वरूप को पहचानना अति दुस्साध्य हो जाता है। फिर भी किसी प्राचीन अथवा मध्यकालीन भाषा के भाषा वैज्ञानिक अध्ययन के लिए उसका समसामयिक या कालान्तर में प्राप्त लिखित रूप ही एकमात्र साधन है। अतएव ऐसे अध्ययन के लिए वर्णग्रामिक (Graphemic) विश्लेषण भाषा-गठन की प्रथम परत (Level) है। वर्णग्रामिक विश्लेषण का महत्त्वपूर्ण पुनर्परीक्षण (Check) अन्य ध्वनिग्रामिक परम्पराओं यथा—मात्रा, बलाघात, सुराघात, तुक और छंदपूर्ति आदि अन्य साधनों से हो सकता है।

१.१ ना. प्र. स. द्वारा प्रकाशित तथा डा० श्यामसुन्दर दास द्वारा संपादित कबीर

---

१. वर्णग्राम (प्रत्येक अभिलेख का लघुत्तम लेखन रूपों) (Graphs) में खंडीकरण (Segmentation) हो सकता है। ऐसे लघुत्तम लेखन रूपों को जिनका पारस्परिक आगमन वर्णक्रम में अन्य किसी लघुत्तम लेखन रूप से संबंधित नहीं होता वर्णग्राम (Graphem) कहा जाता है और जिन वर्णों का पारस्परिक आगमन वर्णक्रम में अन्य लघुत्तम लेखन रूपों से पूर्णरूपेण पूर्वाभासित हो जाता है उन्हें 'सहवर्णग्राम' (Allographs) कहा जा सकता है।

—हेनरी एम० हेनिंग्सवाल-लैंग्वेज चेंज एण्ड लिंग्विस्टिक्स अध्याय- २.२१

२. मसि कागद छुआ नहीं कलम धरी नहिं हाथ...

ग्रन्थावली में संपादक का कथन है, कि जिस हस्तलिखित प्रति के आधार पर यह ग्रन्थ संपादित किया गया है, उसकी पुष्पिका में संवत् १५६१[1] विक्रमी का उल्लेख हुआ है; किन्तु अनेक कारणों से इसकी पुष्पिका पर संदेह किया जाता है। हिन्दी परिषद् विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित 'कबीर ग्रन्थावली' के संपादक डा० पारसनाथ तिवारी का अनुमान है, कि उक्त पुष्पिका में उल्लिखित संवत् कदाचित् शक् संवत् है जो विक्रमीय संवत् १६९६ के लगभग पड़ता है।[2] किन्तु इस प्रति के वर्णग्रामिक विश्लेषण (प्रथम और अंतिम पृष्ठ के आधार पर) से तो इसका प्रतिलिपि-काल संवत् १६९६ भी मानने में संकोच होता है; क्योंकि वे वर्णग्राम जो हिन्दी वर्णग्राम में बाद में आए हैं इसमें मिलते हैं। यथा—

(१) प्रस्तुत प्रति में 'ड' का सहवर्ण ग्राम 'ड०' (ड़) भी मिलता है :—

हाड०ी = हाड़ी (आधुनिक) पृ० १
उघाडि०या = उघाड़िया (") "
लडि० पड० या = लड़िपढ़या (") "

(२) मध्यकाल की हस्तलिखित प्रतियों सं० का 'ज्ञ' वर्णग्राम 'ग्य' वर्णग्राम के रूप में मिलता है जब कि, इसमें यह 'ज्ञ' के रूप में ही मिलता है। 'ज्ञ' लिखने की प्रवृत्ति हिन्दी में कालान्तर में १७ वीं शती ई० के बाद विकसित हुई है।

१.२ अभी तक की खोजों के अनुसार देवनागरी लिपि में 'ड' का सहवर्णग्राम 'ड़' १९वीं शताब्दी के प्रथम चरण से ही मिलता है। इसके पूर्व १७ वीं शती ई० की किसी भी प्रति में ऐसा नहीं मिलता। यह तो संभव है कि सहवर्णग्राम— 'ड०' — सहवर्णग्राम 'ड़' का पूर्व रूप हो किन्तु अन्य किसी प्रति में न मिलने से यह तो सिद्ध हो जाता है, कि यह प्रति १५६१ संवत् की नहीं हो सकती है अतएव कबीर की काव्य भाषा के भाषा वैज्ञानिक अध्ययन के लिए यह प्रति विशेष महत्वपूर्ण नहीं सिद्ध होती। डा० पारसनाथ तिवारी के अनुसार पुरोहित हरिनारायण के संग्रह में सुरक्षित प्रति जो अब अत्यन्त जीर्ण हो गयी है संवत् १७१५ (१६५८ ई०) में लिखी गई है। कबीर की जितनी प्रतियाँ मिली हैं उनमें तिथि काल की दृष्टि से यह प्रति सर्वाधिक प्राचीन हैं।

---

१. **डा० श्यामसुन्दर दास—कबीर ग्रन्थावली—ना० प्र० स०, भूमिका पृ० १ "कबीरदास जी के ग्रन्थों की इन दो प्रतियों में से एक तो संवत् १५६१ की लिखी है और दूसरी संवत् १८८१ की"**

२. **डा० पारसनाथ—कबीरग्रन्थावली—हिन्दी परिषद, प्रयाग विश्वविद्यालय १९६१ ई०, भूमिका पृ० १२।**

देवनागरी लिपि एक आक्षरिक लिपि (Syllabic Script) है जिसमें आक्षरिक वर्णग्रामों (Syllabic Graphems) के माध्यम से ही स्वर तथा व्यंजन के द्योतक निम्नलिखित वर्णग्राम प्रयुक्त हुए हैं। इन वर्णग्रामों को आधुनिक देवनागरी लिपि में प्रयुक्त वर्णग्रामों के संदर्भ में निम्नलिखित रूप से स्पष्ट किया जा सकता है।

[ ] में सहवर्णग्राम और < > में वर्णग्राम दिए गए हैं खेद है कि मुद्रण की कुछ असुविधाओं के कारण यहाँ पर मूल प्रति के वर्णग्राम ज्यों के त्यों नहीं दिए जा सके।

१.३

	हस्तलिखित प्रति के वर्णग्राम	आधुनिक वर्णग्राम		संदर्भ
(१)	<अ>	<अ>	अंक	सा० ४. २०. १
(२)	<आ> [-ा]	<आ> [-ा]	आंकुस	सा० २९. १६. २
(३)	<उ>	<उ> [ु]	उतंग	प० २. १९. २
			अंकुर	प० ११९. ५
			गुरु	प० २. १
(४)	<ऊ>	<ऊ> [ू]	अकूरु	प० १९८. ४
			ऊँच	प० १९६. ५
			गुरू	प० १४६. ७
(५)	<ओ> [ो]	<ओ> [ो]	ओंकार	र० १. १
			अगोचर	प० ७२. ४

N. B. वर्णग्रामिक गठन तीन सन्दर्भों में प्रयुक्त होता है:—

१. Syllabic writing :—अक्षरात्मक लिपि वह लिपि है जिसमें लिपिग्रामिक गठन के अनुसार एक लिपिग्राम—एक Syllable या अक्षर प्रकट करता है—

यथा : क=क्+अ
ग=ग्+अ

२. Alphabetic writing :—जिसमें एक वर्णग्राम एक ध्वनिग्राम प्रकट करता है—

यथा— k = क्
b = ब्

३. Ideo Grapic :—जिसमें एक वर्णग्राम एक पदग्राम (Morphem) प्रकट करता है। यथा— चीनी भाषा

(६)	<औ>	[-ौ]	<औ>	[ौ]	औगुन	सा० ६. ५. १
					अचंभौ	प० ११०. ३
(७)	<ए>	[े]	<ए>	[े]	एक	२.५
(८)	<अै>	-[ै]	<ऐ>	[ै]	अैसा	प० १३. ७
					अंचवै	प० १२२. १३
(९)	<इ>	[-ि]	<इ>	[ि]	इक	प० ३७. १४
					अंखिया	सा० २. २३. ९
(१०)	<ई>	[-ी]	<ई>	[ी]	ईंधन	प० १०५. १
					अंगुरी	सा० २५. ७. १
(११)			<ऋ>	-ृ	मृतक	प० १४८. ४
					मृत्यु	र० १२. २
	रि		<ऋ>		त्रिन	प० ६२. ५
					त्रिखि	प० १६२. ७
					त्रिखा	प० १४५. ६
					त्रिसना	प० ५०. ३

१.४

(१२)	<क>	[क्]	<क>	[क्+]	अंक	सा० ४. २०. २
					क्यूँ	प० ६८. ६
					क्वांरी	प० १६०. २
					भक्ति	प.१३२२.५ .१८०.१
(१३)	<ष>	[ष्]	<ख>	[ख्+]	षंड	प० १३२.५
					षजूरि	सा० २२. १. १
					ष्वार	सा० २१. २२. १
(१४)	<ग>	[ग्]	<ग>	[ग्+]	अंग	प० ११९. १०
					ग्यारसि	प० १७७. ६
(१५)	<घ>		<घ>		ऊंघ	सा० ७. १२. १
(१६)	<च>	[च्]	<च>	[च्]	अंचलि	प० १६२. ९
					पच्छिम	प० १७७. १०
(१७)	<छ>		<छ>		अछता	सा० १५. ८०. २
(१८)	<ज>	[ज्]	<ज>	[ज्]	अंतरजामी	प० १७. २
					ज्यूँ	प० २२. ५
					ज्वाब	सा० २६. ८. २
(१९)	<झ>		<झ>		अबूझ	१४. ६. १

(२०)	<ट>	<ट> [ट]	अयट्ट	सा० १. १५. १
(२१)	<ठ>	<ठ>	अठ	प० ३१. २
(२२)	<ड>	<ड>	डहडही	सा० १३. २. १
(२३)	<ढ>	<ढ>	ढीकुली	सा० १२. ६. १
(२४)	<ण>	<ण>	अजांण	सा० ११. १०. २
(२५)	<त>	<त> [त]	अंत	प० ९. ४
			तत्व	सा० १६. १४. १
			तत्त	प० १. ८
(२६)	<थ>	<थ>	अकथ	प० ११७.९
(२७)	<द>	<द>	अंदेस	सा० ६. ७. २
			द्यौस	सा० १५. ३८. २
			द्यौं	सा० १. ९. १
(२८)	<ध>	<ध>	अंधरा	प० १५७. ६
(२९)	<न>	<न>	अंषियन	र० ३६. ९
			न्यारा	प० १४. ४
(३०)	<य़>	<य>	अंषियन	र० ३६. ९
(३१)	<र>	<र>	अकूरु	प० ११८. ४
			क्रिसन	प० १०३. ४
(३२)	<ल> [ल]	<ल> [-ल]	अंकुल	प० ९७. ५
			ल्यौं	प० ३५. ९
(३३)	<व़>	<व>	अंचवै	प० १२२. १३
			वहै	प० १३. ४
(३४)	<स> [illegible] [स] [श]	<स> [स]	सोना	सा० १५. २५. २
			अदिष्ट	सा० १४. ६. १
			तष्टा	सा० २१. २५. १
			अष्ट	
			अस्थूल	सा० १७.५.२
			श्री रंग	प० १०. ८
			श्री गोपाल	प० २६. ३
			श्री रांम	प० ४६. ६
(३५)	<ह>	<ह>	हमारा	प० ५. ६
(३६)	(प) (ट)	(प) (ट)	पंजर	सा० २. ३३. १
			प्यारा	प० ६. ४

(३७)	<फ>	<फ>	इफतरा	प० ८७. ३
(३८)	<व>[ॾ+	<व> ॾ	बउरा	प० ९७. १
			बब्बा	प० ११०. ३
			ब्याही	प० ११०. ३
(३९)	<भ>	<भ>	भइया	प० १२५. १
(४०)	<म>[म]	<म>	अंकमाल	सा० ५. ३९. २
(४१)	<ग्य>	<ज्ञ>	ग्यांन	र० चौ० १. २
			ग्याता	प० १३८. ७
(४२)	<त्र>	<त्र>	त्रिकुटी	प० १४४. ६
			त्रिगुण	प० ५३. ७
			पत्र	प० १८. ३
(४३)	<ं>	<ं> (÷)	वांस	प० १४. ४
			अंति	प० १८. २

(४४) वाक्य विराम
या
वाक्य विवृति (॥) (।) ॥ श्रीरामजी ॥

(४५) (॥-॥) (।) किसी भी छंद के अन्त में
(वाक्य के पूर्व या छंद के दो या चार चरणों के बाद)

N. B.—< > में लिखित वर्णग्राम जिस वर्णग्रामिक वातावरण में आएँगे उसमें [ ] लिखित वर्ण नहीं आएंगे। और जिस वर्णग्रामिक वातावरण में [ ] वर्णग्राम आयें उसमें < > नहीं आएँगे। अतएव दोनों परिपूरक वितरण में होने के कारण [ ] में लिखित वर्ण (Allograph) सह वर्णग्राम हो जाते हैं।

१.५ उपर्युक्त ४५ वर्णग्रामों की सूची के अनुशीलन से निष्कर्षतः कहा जा सकता है—१७ वीं शती ई० (१८ वीं शती विक्रमी) में लिखी हस्तलिखित प्रति में अधिकांश वर्णग्राम (Graphem) अपने सहवर्णग्रामों (Allographs) के सहित आधुनिक देवनागरी में प्रयुक्त वर्णग्रामों के समान हैं। केवल कुछ ही वर्णग्रामों में कुछ भिन्नता मिलती है।

(१) '(अै)' आधुनिक (ऐ) वर्तमान ऐ वर्णग्राम से भिन्न है यद्यपि दोनों का सह-वर्ण ग्राम या 'मात्रा' समान है। ' ` ' केवल ए को बोध कराने का सहवर्णग्राम है इसी भ्रम को दूर करने के लिए संभवतः अ के ऊपर ै लगने की प्रथा चली है।

ऋ/

(२) प्राचीन वर्णग्राम ऋ, वर्तमान देवनागरी लिपि में वर्तमान है (भले ही हिन्दी में ऋ ध्वनि न हो) जब कि मध्यकालीन इस प्रति में सर्वत्र यह एक संयुक्त लिपिग्राम 'रि' में परिवर्तित हो गया है। केवल तीन प्रयोगों में मात्रा ृ के रूप में ऋ विद्यमान है।

(३) ख एक प्राचीन लिपिग्राम है संभवतः ख से र व का भ्रम हो जाने के कारण सर्वत्र प्राचीन ख का ष से लिखने की प्रणाली चल पड़ी होगी । क्योंकि मध्य-कालीन भारतीय आर्य भाषाओं में मूर्धन्य 'ष' ध्वनिग्राम के लुप्त हो जाने से 'ष' वर्णग्राम अतिरिक्त (Redundant) हो गया था अतएव उसका प्रयोग 'ख' के स्थान में होने लगा ।

(४) <ङ>, <ञ> प्राचीन लिपिग्राम थे; किन्तु मध्यकाल के पश्चात आधु-निक भा० आ० के लेखन प्रणाली से लुप्त हो चुके प्रतीत होते हैं ।

(५) <ड़> <ढ़> लिपिग्राम इस समय तक संभवतः आविष्कृत नहीं हुए थे भले ही भाषा में ये संस्वन (Allophone) विकसित हो गए थे ।

(६) <य़्> <व़्> के नीचे विन्दु लगाकर लिखने की प्रथा थी यद्यपि <य> <व> प्राचीन लिपिग्राम है संभवतः मिलते जुलते लिपिग्राम 'प व से भ्रम न उत्पन्न हो इसलिए य, व को नीचे विन्दु लगाकर लिखने की प्रथा चली होगी ।

(७) व से सर्वत्र 'ब' का बोध होता था । यद्यपि १९वीं शती उत्तरार्ध से 'ब' लिखने की प्रथा फिर से प्रचलित हो रही थी ।

(८) प्राचीन ज्ञ और त्र दोनों संयुक्त लिपिग्राम थे—मध्यकाल में संभवतः क्रमशः ग्य और त्र के रूप में सुरक्षित रहे । मध्यकालीन क्ष इस प्रति में संयुक्त लिपिग्राम के रूप में 'क्ष' नहीं मिलता है ।

(९) श् केवल स् के सहलिपि ग्राम के रूप में अवशेष था जो केवल र् के साथ ही लेखन पद्धति में प्रचलित था । इसी प्रकार 'ष्' भी 'स्' का सहलिपिग्राम था जो केवल ट, ठ, ड, ढ, ण के पूर्व लिखा जाता था ।

(१०) अनुस्वार ं और अनुनासिकता ं दोनों के लिए केवल ं लिपिग्राम प्रचलित था । अर्थ की भिन्नता से ही यह भेद प्रकट होता था ।

(११) वाक्यांश के अंत में या छंद पूर्ति के पश्चात् केवल वाह्य विवृति या वाह्य विराम (Terminal Juncture) लिखने की प्रथा थी । अन्त विवृत्ति (Internal Juncture) सूचक अन्य विराम चिन्हों का अभाव था ।

(१२) अनुस्वार सूचक ' ं ' से कहीं कहीं द्वित्व भी प्रकट किया गया है—यथा—

फरंकि—फरक्कि
पंगी—पग्गी प० १. ७
पटंतरै – पट्टतरै सा० १. १

ध्वनिग्रामिक अनुशीलन

२.० वर्णग्रामिक विश्लेषण, तथा बलाघात-सुराघात, मात्रा, तुक, ध्वनि-पद-वाक्य-गठन के आधार पर कबीर की कविता में ४१ ध्वनिग्रामों की स्थापना की जा सकती है। इनमें ३९ खंडीय (Segmental phonemes) तथा २ खंडतर ध्वनिग्राम (Supra Segmental Phonemes) हैं। खंडीय ध्वनिग्रामों के अन्तर्गत १० स्वर तथा २९ व्यंजन ध्वनिग्राम[1] हैं क्योंकि ये ध्वनियाँ स्वल्पान्तर युग्म (Minimal pair) में आकर अर्थभेदक होती हैं अर्थात् समान ध्वन्यात्मक परिवेश (Identical phonetic environment) में घटित होकर भी व्यतिरेकात्मक (Contrastive) रहती हैं, इसीलिए इन्हें ध्वनिग्रामों की संज्ञा दी जा सकती है।

२.१ मूल स्वर   अ   आ   इ   [इ़]   ई   उ   [उ़]   ऊ
ए   (ए)   ओ   [अे:]

संयुक्त स्वर   एं   [अए–अइ़]   [ऐं]
औ   अओ–अउ

[ ] के अन्तर्गत सहध्वनि ग्राम (Allophone) अंकित किए गए हैं।

---

१. **ध्वनिग्राम** (Phoneme) 'A minimum unit of distinctive sound feature' Bloomfield. 'Language' 5·4

अर्थात

भाषा की लघुतम अर्थ भेदक इकाई को ध्वनिग्राम की संज्ञा दी जाती है।

सहध्वनिग्राम (Allophone) "Any sound or subclass of sounds which is in complementary distribution with another so that the two together constitute a single phoneme is called an allophone of that phoneme"

—H. A. Gleeson 'An Introduction to Descriptive Linguistics'—16.10

अध्ययन सामग्री केवल लिखित रूप में प्राप्त है अतएव उपर्युक्त ध्वनिग्रामों के संध्वनियों (Allophones) की ध्वन्यात्मक प्रकृति (Phonetic nature) उच्चारण स्थान, प्रयत्न, श्रोत्रीय प्रभाव (Acoustic effect) के संबंध में निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता है। ध्वनिग्रामिक वितरण (Phonemic distribution) के फलस्वरूप अनुमान किया जा सकता है कि उपर्युक्त स्वर अल्पाधिक रूप से आधुनिक मानक हिन्दी (Standard Hindi) के समान हैं। अतएव आधुनिक हिन्दी के संदर्भ में इन स्वरों को मानचित्र में निम्नलिखित रूप से दिखाया जा सकता है।

समान ध्वन्यात्मक परिवेश में घटित होने तथा स्वल्पान्तर युग्म म अर्थभेदकता के गुण से समन्वित होने के कारण उपर्युक्त स्वरों की ध्वनिग्रामिक (Phonemic) स्थिति आधुनिक मानक हिन्दी में सहज सिद्ध हो जाती है। अन्य आ० भा० आ० भाषाओं में भी इनकी यही स्थिति है। अतएव कबीर ग्रन्थावली की भाषा में स्वल्पान्तर युग्मों (Minimal pair) के दृष्टान्त देकर इनकी ध्वनिग्रामिक स्थापना की विशेष आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।

क. ग्र. में अनुस्वार और विवृत्ति, गौण ध्वनिग्राम (Secondary phoneme) के रूप में पाए जाते हैं। इनकी स्थापना स्वल्पान्तर युग्मों के आधार पर सिद्ध होती है।

———

व्यंजन ध्वनिग्राम

२.२ कबीर ग्रंथावली की एक चौंतीस रमैनी में संस्कृत के ५२ [1] अक्खरों (अक्षरों) की परंपरा की ओर संकेत किया गया है। प्रस्तुत रमैनी में 'ओं (ओंकार) के अतिरिक्त किसी स्वर से कोई रमैनी नहीं आरम्भ की गई; किन्तु एक-एक व्यंजन से आरम्भ करके ३४ रमैनी होती हैं। इस रमैनी के प्रत्येक प्रथम चरण में आने वाली व्यंजन ध्वनियों का क्रम तथा विवरण निम्नलिखित है।

						[स]	
क्	च्	ट्	त.	प्	[ज]	[य]	[ष]
ख्	छ्	ठ्	थ्	फ्	र्	स्	
ग्	ज्	ड्	द्	ब	ल्	ह्	
घ्	झ्	ढ्	ध्	भ्	व्		
[न्]	[न्]	ण्	न्	म्			

प्रस्तुत व्यंजन तालिका के सन्दर्भ में कबीर ग्रन्थावली में प्रयुक्त स्वल्पान्तर युग्मों में व्यतिरेकात्मक रूप बनाए रखने वाले व्यंजन ध्वनिग्रामों का विश्लेषण करने से यह ज्ञात होता है। (१) कि उपर्युक्त तालिका में अधिकांश वही व्यंजन ध्वनिग्राम हैं जो कबीर-काल के पूर्व संस्कृत-पाली-प्राकृत-अप० में वर्तमान थे और जो आज आधुनिक हिन्दी तथा उसकी बोलियां में पाए जाते हैं। [ ] में चिन्हित ध्वनियों की स्थिति विचारणीय है। प्रस्तुत रमैनी में 'घ' और 'झ' के पश्चात् क्रम से 'न' लिपिग्राम से ही पंक्तियाँ आरम्भ की गई हैं, जिससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि (क) वर्णक्रम में घ के पश्चात् 'ङ०' और 'झ' के पश्चात् आने वाले 'ञ' ध्वनि की ध्वनिग्रामिक स्थिति नहीं रह गई थी अतएव उन्हें 'ङ०, 'ञ' प्राचीन लिपिग्रामों से व्यक्त करना उपयुक्त नहीं समझा गया (ख) फिर भी ये ध्वनियाँ संभवतः संस्वन के रूप में उच्चरित होती थीं, क्योंकि यदि उच्चरित न होती तो घ और झ के बाद 'न' से पंक्ति आरम्भ करने की आवश्यकता न पड़ती। अतएव यह सिद्ध हो जाता है कि 'ङ०' 'ञ' ध्वनिग्राम तो नहीं थे, किन्तु 'न' के संस्वन के रूप में प्रयुक्त होते थे और (ग) ये केवल सवर्गीय ध्वनियाँ थीं अर्थात् कवर्ग के पूर्व ध्वनिग्राम 'न' ङ० संस्वन के रूप में चवर्ग के पूर्व 'न' ध्वनिग्राम [ञ] संस्वन के रूप में सुनाई पड़ता था। (घ) यह भी सिद्ध हो जाता है कि ये संस्वन केवल माध्यमिक स्थिति में प्रयुक्त होते थे—आदिम और अंतिम स्थिति में

---

१. बावन अक्खिर लोक त्रै—सब कछु इनहीं मांहि"—चौ० र० १

इनकी उपस्थिति नहीं मिलती है। कबीर ग्रन्थावली में प्राप्त सामग्री के आधार पर भी उपर्युक्त निष्कर्ष की सिद्धि हो जाती है। यथा:—

(क० ग्रं०)	कंकर	कङ०कर
	कंगन	कङ०गन
	कंचन	कञ्चन
(क० ग्र०)	कंखर	कङ्खर
	गंगा	गङ्गा
(क० ग्र०)	चंचु	चञ्चु

(२) इसी प्रकार ढ के पश्चात् ण लिपिग्राम से पंक्ति आरम्भ की गयी है जिससे यह संकेत मिल जाता है कि कबीर ग्रन्थावली में ण को एक ध्वनिग्राम के रूप में माना गया है। जो आदिम-मध्यम-अंतिम तीनों स्थिति में प्रयुक्त होता था। कहीं-कहीं 'न' और 'ण' मुक्त परिवर्तन (Free Variation) की स्थिति में हैं।

(३) नागरी वर्णमाला में परम्परा से प्रयुक्त वर्णक्रम में पवर्ग के पश्चात् अर्धस्वर (अंतस्थ) 'य' आता है। अतएव प्रस्तुत रमैनी में 'म' के पश्चात् रमैनी 'य' से आरम्भ होनी चाहिए थी, किन्तु रमैनी में 'य' के स्थान में 'ज' लिपिग्राम प्रयुक्त है। इससे यह संकेत मिल जाता है, कि कबीर काल में 'य' के स्थान में 'ज' होने लगा था। कबीर ग्रन्थावली में प्रस्तुत सामग्री के विश्लेषण से ध्वनिग्राम के रूप में 'य' की स्थापना भलीभाँति हो जाती है। हाँ यह अवश्य है कि आदिम स्थिति में उसका प्रयोग बहुत ही सीमित है।

(४) उपर्युक्त वर्णक्रम (लिपिग्राम क्रम) में परम्परा के अनुसार 'व' के पश्चात्–श लिपिग्राम आना चाहिए, किन्तु रमैनी में 'श' से कोई पंक्ति नहीं आरम्भ की गई, अतएव यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है, कि कबीर 'श' की स्मिति न तो ध्वनि-ग्रामिक और न सहध्वनि ग्रामिक मानते हैं। यही कारण है, कि इसके द्योतन के लिए परम्परा से प्रचलित 'श' लिपिग्राम भी नहीं दिया गया—कबीर ग्रन्थावली की भाषा सामग्री के विश्लेषण से भी इस तथ्य की पुष्टि हो जाती है कि 'श' ध्वनिग्राम के रूप में नहीं मिलता है। विरल संस्वन (Rare allophone) के रूप में श्री में (श् + र्) यह वर्तनी में अवश्य वर्तमान है—भले ही उच्चारण स्री के समान रहा हो।

(५) प्राचीन नागरी लिपिग्राम क्रम (वर्ण क्रम) के अनुसार 'श्' के पश्चात् क्रमशः 'ष' लिपिग्राम आना चाहिए। वैदिक तथा संस्कृत भाषा में इस लिपिग्राम से मूर्धन्य 'ष' का बोध कराया जाता था, किन्तु पाली-प्राकृत–अप० में ही इसकी ध्वनिग्रामिक स्थिति लुप्त हो चुकी थी फिर भी कबीर ने अपनी रमैनी में व के पश्चात् इस लिपि-ग्राम से रमैनी की एक पंक्ति आरम्भ की है। अतएव इसे हम 'स' लिपिग्राम का सहलिपि-ग्राम मान कर 'स' के एक संस्वन का बोधक स्वीकार करेंगे। कबीर ग्रन्थावली में अधि-

कांशत: मूर्धन्य ध्वनियों के पूर्व सर्वत्र। (ष) सह-लिपिग्राम का प्रयोग हुआ है। यथा—अदिष्ट, तष्टा, अष्ट आदि। इस ध्वन्यात्मक परिवेश (ष) से 'ख' ध्वनिग्राम को नहीं बल्कि स ध्वनिग्राम के एक संस्वन का ही बोध कराया गया है। रमैनी में व के पश्चात् ष से कबीर का यही मन्तव्य रहा होगा। अतएव इस 'ष' को प्रस्तुत सन्दर्भ में ख ध्वनिग्राम का बोधक नहीं माना जा सकता है।[1]

(६) रमैनी में ह के पश्चात् (ष) लिपिचिह्न पुन: दिया गया है। परम्परा से प्रचलित नागरी लिपिग्राम क्रम (वर्णक्रम) में ह के पश्चात् संयुक्त लिपिग्राम क्ष आता है। मध्यकाल में प्राचीन क्ष क्ख, ख में परिवर्तित हो गया था अतएव कबीर ने इसके स्थान में 'ख' ध्वनिग्राम दिया है जिसे आधुनिक नागरी की लिपिग्राम माला के अनुसार 'ख'[2] से व्यक्त करना चाहिए। 'ष' लिपिग्राम से नहीं।

(७) कबीर ग्रन्थावली में त्र, ग्य (ज्ञ) संयुक्त व्यंजनों को त्र और ग्य से युक्त लिपिग्राम से व्यक्त किया गया है; किन्तु प्रस्तुत रमैनी में नहीं दिया गया। इस प्रकार उपर्युक्त रमैनी में लिखित लिपिग्रामों के आधार पर भाषा वैज्ञानिक विवेचन से यह संकेत मिल जाता है कि कबीर ग्रन्थावली में कबीर काल तक भाषा के ध्वनिग्रामात्मक गठन में जो परिवर्तन आ गया था उसे किसी न किसी प्रकार स्वीकार किया गया है। अर्थात् वे पुराने ध्वनिग्राम जो अपनी ध्वनिग्रामिक स्थिति खो बैठे थे और केवल किसी अन्य ध्वनिग्राम के संस्वन के रूप में वर्तमान थे इन्हें केवल संस्वन के रूप में ही व्यक्त किया गया था फिर भी उस समय तक की हिन्दी में जो नयी ध्वनियाँ या नए संस्वन विकसित हुए थे उन्हें द्योतित नहीं किया गया है। (१) कबीर काल तक ड का एक नया संस्वन 'ड़' और 'ढ' का एक नया संस्वन 'ढ़' विकसित हो गया था। किन्तु प्रस्तुत रमैनी में इस तथ्य की ओर संकेत नहीं किया गया है। (२) न, म, ल के महाप्राण रूप क्रमश: न्ह, म्ह, ल्ह—नए ध्वनिग्रामों के रूप में विकसित हो गए थे—

यथा:—   कान – प० १६५-४, १. १२. १

१. कबीर ग्रन्थावली के संपादक डा० पारसनाथ तिवारी ने इस प्राचीन 'ष' सहलिपिग्राम को भूल से 'ख' ध्वनिग्राम का बोधक समझ कर आधुनिक 'ख' लिपिग्राम से व्यक्त किया है। किन्तु प्रस्तुत सन्दर्भ में इसे 'ख' ध्वनिग्राम का बोधक नहीं अपितु स के एक संस्वन का बोधक मानना चाहिए—अतएव यहां 'ष' लिपि चिन्ह ही लिखना चाहिए। ख लिपिचिन्ह से नहीं—भले ही अन्यत्र सर्वत्र ष लिपिचिह्न आधुनिक ख का स्थानापन्न हो किन्तु यहाँ पर ऐसा नहीं है। यहाँ का ष[स] है, ख नहीं।

२. कबीर ग्रन्थावली के संपादक डा० तिवारी ने इसे 'ष' लिपिचिन्ह से व्यक्त किया है जो वैज्ञानिक नहीं प्रतीत होता है।

कान्ह – प० १३६, १३१-१०

मसि पड़सी कालि — कालि – सा० १६. ७२. २

काल्हि – सा० १५. २२. २, २. १२. २

कुमार

कुम्हार – सा० १२. १. २, १५. ६४. १

स्वल्पान्तर युग्म में व्यतिरेकात्मक (अर्थभेदक) रूप बनाए रखने के कारण 'न्ह' तो निश्चित रूप से ध्वनिग्राम के रूप में ही माना जाएगा——ल्ह, म्ह की ध्वनिग्रामिक स्थिति बहुत स्पष्ट नहीं है। इस प्रकार कबीर ग्रन्थावली में पाए जाने वाले २९ व्यंजनों को आधुनिक मानक हिन्दी के सन्दर्भ में निम्नलिखित तालिका में व्यक्त किया जा सकता है—

	द्वयोष्ठ्य	दन्त्य	वर्त्स्य	मूर्धन्य	तालव्य	कंठ्य	काकल्य
स्पर्श	प् ब् फ् भ्	त् द् थ् ध्		ट् ड् ठ् ढ्		क् ग् ख् घ्	
स्पर्श संघर्षी					च् ज् छ् झ्		
नासिक्य	म् (म्ह)		न्, न्ह	ण्	[ञ]	[ङ]	
पार्श्विक			ल् (ल्ह्)				
लुंठित			र्				
उत्क्षिप्त				(ड़्) (ढ़्)			
संघर्षी			स्				ह्
अर्द्धस्वर	व्				य्		

२.३ खंडेतरध्वनिग्राम

ये ध्वनिग्राम मूलखंडीयध्वनिग्रामों के ऊपर एक अतिरिक्त परत : की तरह प्रयुक्त होते हैं।

(१) अनुस्वार और अनुनासिकता

बास	सा० ९. २३. २, १५. ६७. १ "' १८. २. १ २०. ८. १ = सुगंधि : :
बांस–	प० १४. ४, सा० २२. ८. २, २२. १३. १=बांस
अति-	प० १५. ११, ५१. ८ : =बहुत––विशेष
अंति	प० १८. २, सा० १५. ४. २ : =अंतिम-
पड़ा-	सा० १. २०. २ : =पड़ना का भूतकालिक रूप :
पंडा	प० १६३. ४ : =पुजारी :
खडा-	८. १३ . १ : खड़ा होना का भूतकालिक रूप
खंडा-	प० १४३. ५ : खंड : भाग+आ :
पख-	सा० १७. २. २
पंख-	प० १. ३

(२) आंतरिक विवृत्ति

तिन का ॥ सा० २. ५०. २ : =घास :
तिन+का ॥ प० ८०. ५ : =उनका सर्वनाम :
जन महि ॥ सा० १५. ६. १ (जनम को)
जन+महिं ॥ (जनमें)

कबीर-ग्रन्थावली में अनुस्वार तथा विवृत्ति जहाँ एक ही ध्वन्यात्मक परिवेश (Phonetic environment) में आने पर व्यतिरेकात्मक होकर अर्थ-भेदक होते हैं वहीं उन्हें एक ध्वनिग्राम की संज्ञा दी जाएगी अन्यथा नहीं। यही कारण है कि कबीर ग्रन्थावली में इन्हें गौण ध्वनिग्राम कहा जा सकता है, क्योंकि य कभी ध्वनिग्राम होते हैं कभी नहीं।

अनुस्वार के निम्नलिखित ६ संस्वन मिलते हैं––

(ङ०) ङ० मिश्रित अनुनासिकता––जिसे कवर्गीय अनुनासिकता कहा जा सकता है, यथा:––

कङ्गन
पङ्कज –– प० ३०. ३
पङ्ख –– प० १. ३

: : 'ञ' मिश्रित अनुनासिकता यह चवर्गी अनुनासिकता है यथा :––

कञ्चन
चञ्चल

पञ्चे १५. ६१. १

पञ्जर २. ३३. १

(ण्) ण् मिश्रित अनुनासिकता—यह मूर्धन्य अनुनासिकता है

यथा:— डण्डा प० ६२. ६

डण्ड प० १४३. ४

डण्डूल सा० २५. २४. १

पण्डित- प० ८५. ८

पण्डा- प० १६३. ४

(न) न् मिश्रित अनुनासिकता— यह दन्त्य अनुनासिकता है

यथा:— था पन्थी २. ३१. १

(म्) म् मिश्रित अनुनासिकता— यह पवर्गीय अनुनासिकता है —

यथा:— कुम्भ प० ३४. ८

कुम्भक प० १५. ७

(ॅ) यह शुद्ध अनुनासिकता है जो उपर्युक्त ध्वन्यात्मक परिवेश के अतिरिक्त घटित होती है। यथा:— बांस- प० १४. ४

संक्रामक अनुनासिकता—परवर्ती न् म् के प्रभाव से उनके पूर्व की ध्वनि अनुनासिक हो जाता है ।

यथा— नांम प० २०. ६, २०. ८

रांम ५. १० ५.१२

बांन १२१. ४, १३२. २

२.४ स्वरध्वनिग्राम-वितरण

उपर्युक्त खंडीय स्वरध्वनिग्राम शब्द की आदिम, माध्यमिक और अंतिम तीनों स्थितियों में मिलते हैं। संध्वनियों : (allophones) सहित इनकी उपस्थिति के उदाहरण निम्नलिखित हैं:—

स्वर ध्वनिग्राम	संध्वनि	आदिम-संदर्भ	माध्यमिक-संदर्भ	अन्तिमस्थिति	संदर्भ
अ	अ	अकास प० १०२. ५	अगम प० १. १०	अघट्ट	सा० १. १५. १
		सा० १३. ३. १	सा० ९. ५. १	ड्रिम्भ	प० ८६. ७
	अं, अँ	अंक सा० ४. २०. २	अभिअंतर प० १३०. ९	कहं	प० ३. ७
		अँखियन प० २. २६. ९			
आ	आ	आखर प० १६. ४	माल सा० ४. ३९. २	अंगना	प० १५. ६
		आगम प १०१. ३	अगार प० २. ५३. १	अंगा	प० ७९. ५

	आँ	आंवरा सा० १. ६. १		अंखियाँ सा० २. ३२. १
		सा० १८. ६. १		
इ	इ	इक प० ३७. ४	अंखियन सा० २.३६.९	अघाइ सा० १५.१४.२
	इं	इंद्र प० १४. ९. ६	आंखिन प० १३७. २	अगहिं प० १६०. ७
			किंवा प० १०. ९	
	इ ०			जोकोइ सा० ४. ४०. १
				सब कोइ ४. ४२. १
				सोइ २८. ७. १
ई	ई	ईमान प० १७२. ३	अमीता प० ६४. ४	अढ़ाई प० ११. ४
	ईं	ईंधन प० १०५. १		कहीं सा० १५. ८७. १
उ	उ	अनइय प० ११७, २	कउआ प० २८. ४	अकूस प० १९८. ४
		अकुर प० १९. ५		
	उं	उजियारा १५. ६२. १		किएउं प० ११. ३
				कबहुं प० १७. ६
	उ	× × × ×	× × ×	सुखदेउ सा० ४. ४०. २
				पांचउ सा० ५. १. २
	ऊ	ऊगा सा० ९. ५. १	अकूस प० १९८. ४	अवधू प० ५६. १
	ऊं	ऊंहा सा० २९. १९. २	आऊंगा प० १९३. १	अजहूं प० २३. ७
			कनफूंका प० १६५. ५	कबहूं प० ३६. ३
ए	ए	एकन प० १६४. ६	अहेरी र० १२. १	आए प० ५. २
	एं		केंचुली सा० २४.१६.२	कहें प० २९. ४
			मेंडुक प० ८४. ६	सुनें प० २९. ५
	ए		बेवहारा र० १४. १४	
			कछु एक चौ० र० १।२	
			कोइ एक सा० २८.७.२	
			तेइ र० ३. १	
ऐ	ऐ	ऐसा प० १३. ७	आवैगी प० १२. १	अंचवै प० १२२. १३
	ऐ		क० र० ११	(सुखकै विरखियउ जगत- उपाया २. ११)
	ऐं	ऐंड़ प० ७३. २	करैंगे सा० १५. ५६. १	आदरैं सा० ११.१५. २
				सोनैं प० १३१. २
			बैंन सा० २८. ७. १	
ओ	ओ	ओढ़न प० ५३. ५	अगोचर प० ७२. ४	आओ प० १५. ९

औं   ओंकार चौ० र० १।५ कोंपल सा० १९. १७. १ का प० ७२. ११
सा० १४. ४१. २

ओ̆   कोहरा प० ७६. ४
सोड़ सा० २८. ७. १
जोलहा र० १८
सोड़ र० २. ६
जोलहै प० ५३. ६
जो कोड़ सा० ४. ४०. १
सब कोड़ ४. ४२. ४

औ   औ   औघट चौ. र २.८   कसौटी सा. १९.४.१   अचमी प. ११०.३
औतार प. १५४.४

औं   औंधा प. ११२.७   लौंन सा. १.२४.१   कहौं प. ९०.७
र. १७.१०

क   +   +   +   +   + +
मृतक प. १४८.४
मृत्यु र. २.१२.२

उपर्युक्त उद्धरणों के विवेचन से निष्कर्षतः कह सकते हैं :—

(१) अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ—में से प्रत्येक स्वर के कम से कम २ सहध्वनिग्राम अवश्य मिलते हैं। एक तो निरनुनासिक और दूसरा सानुनासिक रूप। दोनों एक दूसरे के परिपूरक रूप में आए हैं, क्योंकि दोनों कहीं भी एक ही ध्वन्यात्मक परिवेश में नहीं आते। केवल कुछ ही स्थल हैं जहाँ दोनों एक ही ध्वन्यात्मक परिवेश में आकर स्वल्पान्तर युग्म का निर्माण करते हैं और अर्थभेदकता का लक्षण सुरक्षित रखते हैं ऐसे स्थलों में अनुस्वार एक खंडेतर ध्वनिग्राम के रूप में माना जाएगा। यथा—बास - बांस, अति - अंत आदि।

(२) इ उ ए ओ में से प्रत्येक का एक तीसरा सहध्वनिग्राम इ़ उ़ ए ओ̆ भी मिलता है जिसकी स्थापना लिपिग्रामिक गठन से तो संभव नहीं होती किन्तु दोहा (साखियों) और चौपाई (रमैनियों) में छन्द की मात्रा गणना तथा तुक के सहारे इनकी सहध्वनिग्रामिक स्थापना की जा सकती है। ये स्वर न तो आक्षरिक थे और न इनके सानुनासिक रूप ही मिलते हैं।

(इ़) (उ़) किसी लिपिग्राम या सहलिपिग्राम से चिन्हित नहीं किए गए। फिर भी अनुमान लगाया जा सकता है, कि ह्रस्व स्वर के पश्चात् आने वाले शब्दान्त या अक्षरान्त के इ और उ ह्रस्व इ, उ से भी ह्रस्वतर उच्चारण रहे होंगे।

यथा— स्वारथ को सब कोइ सगा—जग सगलाही जांन । ४.४२.१

कबीर बिचारा क्या करे—सुख देइ बोले साखि ४.४०.२

आधुनिक अवधी की भाँति इनका उच्चारण फुसफुसाहट स्वर के निकट रहा होगा। (ए) (ओ) को व्यक्त करने के लिए कोई लिपिग्राम या सहलिपिग्राम नहीं मिलता है। प्रकृतित: ये दोनों स्वर दीर्घस्वर हैं छंद शास्त्र के अनुसार इनकी दो मात्राएँ निर्धारित हैं; किन्तु कबीर ग्रन्थावली में यत्र-तत्र शब्द के मध्य में इन्हें ह्रस्व मानने से ही छंदपूर्ति संभव होती है। अतएव यह अनुमान लगाया जा सकता है कि शब्द के आदि और मध्य में ह्रस्व ए और ओ उच्चरित होते थे।

यथा :—(ए) तेरा जन एक आध है कोई — (प. ३२)

(ई) स्वरथ को सब कोइ. सगा — १३ मात्राएँ (४-४२-१)

(ओ) कबीर जो कोइ. सुंदरी — १३ मात्राएँ

(औ) गुन गावै लौ लीन होइ. — १३ मात्राएँ

(ए) कछु एक मन में और — ११ मात्राएँ

(औ) ओहु मारग पावै नहीं — १३ मात्राएँ

(ए.) भूलि परै एहि माहिं — ११ मात्राएँ

(३) ऋ मूल स्वर के रूप में ऋ का उच्चारण कबीर से पूर्व ही प्राकृत और अपभ्रंश काल में ही लुप्त हो चुका था। कबीर ग्रन्थावली में तो ऋ लिपिग्राम भी नहीं मिलता—केवल इसका सहलिपिग्राम ही मिलता है—यथा—मृत्य, मृतक—इस प्रकार कुछ विरल शब्दों में मात्रा के रूप में ही इस स्वर की कल्पना की जा सकती है। अन्यथा इस स्वर का उच्चारण रि या इर् में परिवर्तित हो गया था।

(४) ऐ (अै) औ—आधुनिक हिन्दी में 'ऐ', औ दोनों संयुक्त स्वर के रूप में उच्चरित होते है। कबीर ग्रन्थावली में दोनों स्वरों के बोधक लिपि-ग्राम (अै औ : या सहलिपिग्राम) ै, ौ मिलते हैं। अतएव अनुमान यही है, कि कबीर में ये दोनों संयुक्त स्वर के रूप में प्रयुक्त हैं; किन्तु निश्चय के साथ यह नहीं कहा जा सकता, कि इनका उच्चारण आधुनिक मानक हिन्दी की भाँति (अए। अओ) था अथवा आधुनिक ब्रज और खड़ी बोली की भाँति मूलस्वर अर्धविवृत दीर्घस्वर (यथा—पैसा ऐंपन् चले) ओर , बोर, चलिबो आदि के निकट था अथवा आधुनिक अवधी की भाँति इनका उच्चारण अइ अउ की ओर अधिक झुका था—क्योंकि कबीर ग्रन्थावली में अइ, अउ, के स्वर ६: मिलते हैं। अतएव अइ—अउ उच्चारण की संभावना भी हो सकती है।

व्यंजन वितरण

२.५ कबीर ग्रन्थावली में निम्नलिखित समस्त व्यंजन ध्वनिग्राम शब्द या अक्षर की आदिम और माध्यमिक स्थिति में निश्चयात्मक रूप से वर्तमान हैं। अंतिम स्थिति में इन व्यंजनों की उपस्थिति बहुत निश्चित नहीं है क्योंकि कबीर ग्रन्थावली की भाषा छंदोबद्ध भाषा है जिसमें छंद पूर्ति के लिए ह्रस्व ध्वनि को दीर्घ और दीर्घ को ह्रस्व बना देना साधारण बात है। कबीर ग्रन्थावली में शब्दों को व्यंजनान्त मान लेने पर छंद-पूर्ति या मात्रापूर्ति संभव नहीं। अतएव छंद को आधार मान कर हमें यही कहना पड़ेगा कि कबीर ग्रन्थावली में शब्द के अन्त में व्यंजन की उपस्थिति नहीं मानी जा सकती है। शब्दों को स्वरान्त ही मानना पड़ेगा। छंदबद्ध भाषा में अकारान्त शब्द जनसामान्य की भाषा में भी अकारान्त (स्वरान्त) थे अथवा व्यंजनात्मक—यह स्थिति स्पष्ट नहीं है। अतएव अकारान्त शब्दों के उपांत में आने वाले व्यंजनों का भी विवरण प्रस्तुत विवेचना में देना उपयुक्त समझा गया है।

व्यंजनध्वनिग्राम संस्वन	आदिम स्थिति		माध्यमिक स्थिति-		उपान्त या अंतिमस्थिति
क्-क्	कंवल-	प. १८ ३	अंकुल-	प. ९७.५	अंक - ४.२०.२
ख्-ख्	खंखर	सा. १५.४५.२	अंखियन-	सा. २.३६.९	अलख - प १४५ ४
	खडा-	८ १३ १			
ग्-ग्	गंग	प. २४.३	अंगना	प. १५.६	जग- प २ ५
घ्-घ्	घड़ा-	प. ८.२	अवट्ट	१.१५.१	अव- प. १४५.६
च्-च्	चरखा	प. ११०.७	अंचलि	प. १६२.९	ऊँच- प. १९६.५
छ्-छ्	छपरा-	सा. ४.४७.२	अछता	सा. १५.८०.२	कुछ- सा. ९.९.२
ज्-ज्	जंजाल-	३.१४.१	अंतरजामी	प. १७.२	अकाज-सा. ३.१८.१
झ्-झ्	झगरा-	प. २७.१	अबूझी	सा. ४.१२.२	अबूझ- सा. १४.६.
ट्-ट्	टकसार	सा. ९.४१.२	अघट्ट	मा १ १५ १	ओट्- सा ३:१० २
ठ्-ठ्	ठगिनि-	प १६३.१	अठारह	प. १५५.७	अठ- प. ३१.२
			डड्डा	चो. र. ४.५	
ड-ड	डंड	प ६२ ६	कुंडलि	सा० ७ १: १	अखंड प १६० ६
			डंड	प ६२ ६	
			डंडूल	२५ २४ १	

			उड़ाइ	सा १६ ३७ २	अबिहड़	८ १६ १
ड़			उजाड़ि	सा ४ ३३ १	अजड़	४ ४ २
			कड़िया	सा १६ ३८.२	ऐंड़-	प. ७३.२
			कड़ुवापन	०५.६१.१		
			कपड़ा-	१५.६१.१	आघड़-	२९.६.१
			छड़ी-	३१.५.२	गरुड़-	प १५ ३ ३
			जड़िया-	१५ ५५.१	गाड़-	र. ३.८
			घोड़ा-	प. ४.२	गुड़-	प. ५९.३
ढ	ढंढोरता-	९.३२.२				
	ढढ्ढा-चौ.र.४.७					
ढ	ढंग-	सा. ६.९.१	अढ़ाई-	प. ११.४	पढ़	
	ढीकुली	सा. १२.६.१	ओढ़न-	प. ५३.५		
	ढंढ-	चौ. २.४.२	काढ़ि-	प. २६.२	टेढ़	प. ४४.२
			पढ़ता-	प. १६१.५	गढ़	प. २५.१
			पढ़नसाल-	प. २६.२		
ढ़्			ढूड़िया-	६.४.१		
			गड़न-	प. ६६.२		
			गड़ि-	प. १३०.२		
त्	तेगी-	प. १९	अतर-	चौ. २.५.१	अगत	प. ४९.१
	तपु-	प. ४६.४			भगत	प. १.४
थ्	थापनि	१.११.१	अथिर-	१५.२५.१	अकथ	प. ११७.९
	थरहरें-	प. ७०.२				
द्	दखिन-	सा. २.१३.२	अंदेस-	सा. ६७.२	अहलाद-	३०.२३.१
	दरसन-	प. १५.११				
ध्	धंध-	र. १४.३	अंधरा-	१५७.६	अंध-	प. ८५.१
प्	पसु-	प. ६७.५	अपनी-	प. १५.१०	अकलप-	१२.८.१
	पहार-	प. २६.६	अपना-	प. ६५.२		
फ्	फंक-	चौ. र. ६.३	इफतरा-	प. ८७.३		
	फंद-	प. ९४.६	कनफूंका-	प. १६५.५		
ब् ब्-	बंदा-	प. १६३.८	अंबर-	प. १२५.१	अजब-	प. २.१
भ् भ्	भंवर-	प. ७०.१	अचंभौ-	प. ११०.३	अगरभ-	प. ३६.३
	भगत-	प. १.४	कुंभ-	प. ३४.८		

शेष

ण्	ण्	णगां - चौ. ३.४.९	शाणां - चौ र. ४९ चांणक	गग - प. १३३.४ अजांण - सा.११.१०.२
न्	न्	नई - सा. ८. ३. २ नगरिया - प. ९५. १	अगना - प. १५.६	अकन - प. १६०.३
	ङ.		कंकंस कंकर-प. १३.१.५ कंगन : :प. १७. ४	
	ञ		कंगुरे: : १४.३६.२ कंचन प. ३२.४ कुंजर प. २३.६ कुंजो ८. ८०.४	
	[न्–ण्]			गुन गुग
न्ह	न्ह	न्हवाए- प. १७७.२ न्हाई - १२.७ १ न्हान - ९.३२.१	चोन्हाँ - प. ११५.३	इन्ह - प. २०.४ कान्ह - प १३६.१३१.
म्	म्	मंछी - २.५४.२	अंतरजामी - प. १७.२	अगम - प. १.१०
म्ह	म्ह		बाम्हन - प. १६०.४ कुम्हार - सा. १२.१.२ कुम्हिलानी - प. ७०.३	
य्	य्	यह - प. १३.३ यूं - प. १४१.३ सर्वनाम में केवल १२ बार प्रयुक्त किसी संज्ञा शब्द के आदि में नहीं	अंखियन- सा. २.३६.९ हिदया - ११.२.२	हिदय-प. १४९.९
				शष
र्	र्	रंकु - प. ७८.२ रखवारा - प. १६२.२	अंधियारा-सा. ९.१.२	अंगार - सा.२.५३.१
ल्	ल्	लंका - प. ९६.४	अंचलि - प. १६२.९	माल - सा.४.३९.२
ल्ह	ल्ह		ओल्है - ७.१२.१ चूल्हे - ११०.७ काल्हि	
व्	व्	वह - प. १४७.८ वारपार - र. १४.७	अंचवै - प. १२२.१३ स्वाद - प. २५.४	भाव - प. ४०.२ केसव - प. १९३.३

सर्वनाम में १४ बार
संज्ञा में केवल १ बार)

स्	स्	संकट - प. ९८.२	अंदेशा - १०.५.१	अंदेस - ६.७.२
	(श) श्री			
	(ष्)		अदिष्ट - १०.१६.२	
			अष्ट - प. १०८.३	
ह्	ह्	हंकारा - १९७.३		
	(अघोष)	हंडिया - १५.३०.१	कह्यो - प. २६.४	
ह्	(घोष)		अंगहिं - प. १६०.७	खेह - प. १७४.४
			कहूं - प. २.२	

२.६ **स्वरग्राम क्रम** (स्वर संयोग या स्वरक्रम या स्वर गुच्छ)

जब दो या दो से अधिक स्वर एक ही अनुक्रम में इस प्रकार घटित हों कि उनके मध्य एक अल्प विवृत्ति के अतिरिक्त अन्य ध्वनि न हो तो ऐसे संयोग को स्वर संयोग की संज्ञा दी जाती है। कबीर ग्रन्थावली में अधिक से अधिक ४ स्वर एक साथ प्रयुक्त हुए हैं। ४ स्वरों का संयोग केवल एक बार अन्तिम स्थिति में, ३ स्वरों के स्वरगुच्छ ८ प्रकार के केवल अन्तिम स्थिति में और २ स्वरों के २८ प्रकार के स्वर संयोग (९ प्रकार के आदिम स्थिति में, ८ माध्यमिक स्थिति में और २४ अन्तिम स्थिति में) मिलते हैं। इस प्रकार कबीर ग्रन्थावली में कुल मिला कर ३७ प्रकार के (१+८+२८) संयोग प्रयुक्त हुए हैं। इनका विवरण निम्नलिखित है—

२.६१ ४ स्वरों का स्वरसंयोग अंतिम स्थिति में — उदाहरण - संदर्भ

अंतिम स्थिति में	उदाहरण	संदर्भ
इ अ इ ए	पतिअइए	प. २९.४

२.२६ ३ स्वरों के स्वर संयोग : अन्तिम स्थिति में — उदाहरण - संदर्भ

अन्तिम स्थिति में	उदाहरण	संदर्भ
१- अ ए उ	भएउ	र. १-४
२- इ ए उ	किएउ	प. ११. ३
३- आ इ ए	खाइए	सा. ३.१.२
	जाइए	प. १०.७
४- आ इ ऐ	खाइऐ	प. ३९.३
५- अ इ ए	जइए	प. २९.४
	पइए	प. ७७.१
६- अ इ आ	रमइया	प. ८२.१
७- आ इ या	समाइआ	सा. ७.३.१
८- अ उ आ	कउआ	प. २८.४

२.६३ २ स्वरों के स्वर संयोग

१-	अ उ	अउर प. २६.१ अउरो प. १६२.२	चउका प. १९२.६ चउय प. ३२.६	कउ प. २८.६ जउ प. ५४.३१ तउ प. १३२.८ कहउ प. ४३.६
२-	अऊ	अऊत सा. ४.३८.२		करऊ प. २२.८
३-	आ इ	आइ प. ६०.६ आइया सा. १०.३.१	जाइंगे ४.१६.२	अवाइ १५.१४.२ १५.४१.१
४-	आ ई	आई प. १८.२		अड़ाई प. ११.४ उरझाई प. ७.४
५-	आ उ	आउ प. १३.१ प. ९८.४	भाउ प. ८२.५	कराउ सा. २.१२.२
६-	आ ऊं	आऊं प. ५३.४	घुराऊंणी प. ४.७	
७-	आ ए	आए प. ५.२	चराएहु प. १८८.२	चड़ाए सा. ३१.२०२
८-	आ ओ	आओ प. १५.९		
९-	ए उ	एउ प. १८७.१		
१०-	इ अं		अभिअंतर प. १३०.९	
११-	अ इ <१>		गइआ प. १४०.२	कहइ प. १४०.१
१२-	अ ई <२>		पईसा सा. २१.११.२	ऊनई र. ५३.१ करई चौं. र. २.३
१३-	इ ए <१२>			करिए प. १७.१
१४-	ई ए			किए प. १७३.४ कीए प. १७४.४
१५-	उ इं <१६>			कुइं सा. ३.१.२
१६-	उ अं			गुरुआसा १.२४.२ चरुआ प. १६७.४
१७-	ओ+आ <२०>			चौआ प. ७९.५
१८-	ए+ऊ <१९>			जनेऊ र. ६.४
१९-	ओ+ई <२१>			दोई २.११०.५
२०-	ओ+ऊ <२३>			दोऊ प. ३२.३
२१-	ओ+ए <२४>			दोए सा० ३०.१०.१
२२-	इ+उ <१३>			दोनिउ प. १०.१२
२३-	इ+आ <१३>			पंडिआ प. १३२.३
२४-	ई+आ <१३>			पीईआ प. ५५.१

२५- ई+उ 〈१४〉	पीउ प. ७०.२
२६- ई+ए	पीएं चौ र. ७.६
२७- ऊ+एं 〈१७〉	मूएं प. ६८.६
२८- ओ+ई 〈२२〉	पोई सा. २८.५.१

२.७ (संयुक्त व्यंजन या व्यंजन संयोग या व्यंजन गुच्छ :–)

जब दो या दो से अधिक व्यंजन ध्वनिग्राम एक ही अनुक्रम में इस प्रकार संयुक्त हों कि उनके मध्य में कोई स्वर न हो तो उसे संयुक्त व्यंजन या व्यंजनगुच्छ की संज्ञा दी जाती है। कबीर ग्रन्थावली में कम से कम दो और अधिक से अधिक ३ व्यंजनों का संयोग मिलता है। ३ व्यंजनों का एक ही उदाहरण कबीर ग्रन्थावली में मिलता है। ध्वनिरूपों का क्रम संघर्षी+ओष्ठ्य+लुंठित स्+प् र+यथा निस्प्रेही है। अधिकांश व्यंजन संयोग आदिम और माध्यमिक स्थिति में ही मिलते हैं। शब्दान्त में व्यंजन संयोग की कल्पना नहीं की जा सकती है क्योंकि प्रत्येक संयुक्त व्यंजन के पश्चात् किसी न किसी स्वर का आगमन अनिवार्य है अतएव संयुक्त व्यंजनांत प्रतीत होने वाले शब्द सदैव स्वरान्त ही होते हैं। आधुनिक मानक हिन्दी में और कबीर ग्रन्थावली में भी यही स्थिति मिलती है। व्यंजन गुच्छों को दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है।

१—एक रूप या समवर्गीय व्यंजन संयोग

२—भिन्न रूप या भिन्न वर्गीय व्यंजन संयोग

(१) जब एक ही व्यंजन ध्वनि ग्राम दो बार एक ही अनुक्रम में आ जाता है तब ऐसे गुच्छ को व्यंजनदित्व की भी संज्ञा दी जाती है। दित्वव्यंजनों के संबंध में यह कहा जा सकता है कि इनमें एक ही व्यंजन का दो बार उच्चारण नहीं होता बल्कि एक ही व्यंजन की मध्य की स्थिति या अवरोध की स्थिति प्रलम्बित या दीर्घ हो जाती है। प्रथम अर्थात् स्पर्श और अन्तिम (उन्मोचन) में कोई अन्तर नहीं आता है। महाप्राणों का इस प्रकार का दित्व संभव नहीं है। उनमें से प्रथम का उच्चारण अल्पप्राण सम होगा— अतएव ख्ख्, घ्घ्, छ्छ्—उच्चारण में ग्घ ग्घ्, च्छ, सुनाई पड़ेगा। कबीर ग्रन्थावली में निम्नलिखित व्यंजन दित्व मिलते हैं।

२.७१ स्पर्शव्यंजन-दित्व :–

क् क्	कक्का	चौ. र. ६
ख् ख्	खख्खा	" ७
ग् ग्	गग्गा	" ८
घ् घ्	घघ्घा	" ९
ट् ट्	टट्टा	" १६
ठ् ठ्	ठठ्ठा	" १७
ड् ड्	डड्डा	" १८

ढ् ढ्	ढड्ढा	"	१९
त् त्	तत्ता	"	२१
थ् थ्	थथ्था	"	२२
द् द्	दद्दा	"	२३
ध् ध्	धध्धा	"	२४
प् प्	पप्पा	"	२६
फ् फ्	फफ्फा	"	२७
ब् ब्	बब्बा	"	२८
भ् भ्	भभ्भा	"	२९

२.७२ स्पर्श संघर्षी व्यंजनदित्व :—

च् च्	चच्चा	"	११
छ् छ्	छछ्छा	"	१२
ज् ज्	जज्जा	"	१३
झ झ	झझ्झा	"	१४

२.७३ अनुनासिक व्यंजन दित्व :—

ण् ण्	ण्णा	"	२०
न् न्	नन्ना	"	२५
म् म्	मम्मा	"	३०

२.७४ पार्श्विक व्यंजन दित्व :—

ल्+ल्	लल्ला	"	३४

लुंठित व्यंजन दित्व :—

र् र्	रर्रा	"	३३

२.७५ संघर्षी व्यंजन दित्व :—

स् स्	सस्सा	चौ.र.	३८
ह् ह्	हह्हा	"	३९

२.७६ अर्धस्वर दित्व :—

य य

व् व्

२.७७ भिन्न वर्गीय व्यंजन संयोग :—जब भिन्न-भिन्न व्यंजन ध्वनिग्राम एक ही अनुक्रम में संयुक्त होते हैं।

२.७७१ आदिम स्थिति में व्यंजन संयोग :—कबीर ग्रन्थावली में आरम्भिक स्थिति में प्राप्त व्यंजन संयोगों के विवेचन से ज्ञात होता है। संयोग के द्वितीय सदस्य के रूप में अधिकांशतः य्, व्, र् आते हैं।

(व्यंजन+य, व, र) केवल एक ही उदाहरण ऐसा है जिसमें व्यंजन + त और एक अन्य में व्यंजन+ष (ख) आता है।

२.७७१।१ व्यंजन+य्

क् य्	क्यूं	प. ६८.६
ग य्	ग्यांन	प. ४.२
	ग्याता	प. १३८.७
	ग्यारसि	प. १७७.६
	ग्यारह	प. १७७.७
ज् य्	ज्यूं	प. २२.५
	ज्यौं	प. ६८.४
त् य्	त्यागि	सा. २.५१.२
द् य्	द्यौस	सा. १५.३८.२
ध् य्	ध्यान	प. ५६.३
न् य्	न्यारा	प. १४.४
प् य्	प्यारा	प. ६.४
ब् य्	ब्याई	प. ११६.३
म् य्	म्याने	प. ८७.६
स् य्	स्याम	प. १३०-४
	स्यार	प. १२०-४
ल् य्	ल्यौ	प. ३९.९

२.७७१।२ व्यंजन+व :—

क् व्	क्वांरी	प. १६०.२
ख् व्	ख्वार	सा. २१.२२.१
ग् व	ग्वालन	र. ३.४
ज् व्	ज्वाला	९.२९.२
	ज्वाब	२६.८.१
द् व्	द्वादस	प. १३०.९
	द्वापर	प. १४३.५
स् व्	स्वांग	१.२९.२
ह् व्	व्है	प. १३.४
	व्हैला	प. १६६.३

२.७७१।३ व्यंजन+र :—

क् र्	क्रिया	प. १५.२१

	क्रोध	प. ३.४
	क्रिसन	प. १०३.४
	क्रिमि	प. ६२१.३
ग्	ग्रम	प. १७५.७
	ग्रसत	प. ८६.३
घ् र् (ऋ)	घ्रित	प. ६२.३
त् र् (ऋ)	त्रिकुटी	प. १४४.६
न् र् (ऋ)	न्रिप	सा. ४.११.१
प् र	प्रकास	प. १७६.८
(३३ आवृत्ति)		
ब् र्	ब्रत	प. ७७.२
भ् र्	भ्रमजार	र. १९.२
म् र् (ऋ)	म्रिग	प. ९४.७
स् र्	स्री (श्री)	प. १३०.९
ह् र्	ह्रिदय	प. १४९.९

२.७७१/४ व्यंजन+त्

क् त्	भक्त	प. ९२.५
र् ब् (व)	गर्ब	सा. १५.४४.२

२.७८२ माध्यमिक स्थिति में व्यंजन संयोग :—माध्यमिक स्थिति में प्रायः सभी प्रकार के व्यंजन संयोग मिल जाते हैं। यहाँ भी दूसरे सदस्य के रूप में अर्धस्वर य् का ही आधिक्य है। प्रथम सदस्य के रूप में अर्धस्वर य्, व कहीं नहीं मिलते हैं।

२.७८२/१ व्यंजन+य्

क् य्	अटक्यौ	सा. २१.९.२
ख् य्	देख्या	प. १०१.९
च् य्	रच्यौ	प. १०-३
ज् य्	तज्यौ	प. १२.१
	भज्यौ	प. ६३.८
ट् य्	टूट्यौ	सा. २८.५.२
ड़् य्	छाड़्यौ	प. १५.४
गगन	प. ८१.२	१९	दीन	प. १८१.२	९
गज	र. २०.५	६	दीपक	७२.४	१५
गुरु	प. २.१	३०	दुख	२५.२	२७
–गुर-३५ बार, गुरू २ बार			दुरमति	१९.६	३
गोपाल	१५५.११	३	दुर्लभ	३३.५	१
गोविन्द	प. १२१.१	१	दृष्टि	१६२.७	१
ग्यान	प. ४.२	३८	धन	२२.१	१६
ग्यानी	प. ४८.३	११	ध्यान	५६.३	१०
घट	प. २.६	३७	नट	प. १४	२
घ्रित	प. ६२.३	२	नर	प. ३१.४	३५
चंचल	प. १५९.६	५	नाम	प. २०.६	५४

निकट	प. २८.४	४
निज	प. १०.१३	१४
निरंजन	प. ४८.७	८
निरमल	प. २.६	१३
नीर	प. १३.६	१३
नील	११.७.२	१
न्रिप	४.११.१	१
पंकज	प. ३०.३	२
पंडित	प. ८५.८	२४
पंथ	२.४.५	६
पट	१६.५.२	१
पत्र	प. १८.२	५
पद	प. १०.६	१९
परम	प. २६.१०	१५
परिमल	प. ११९.६	१
पवन	प. ५७.४	२०
पाप	प. २५.२	१४
पावक	प. २१.२	५
पुंज	सा. ९.१२.२	१
प्रभु	प. २६.६	७
प्रसाद	प. ३३.५	१
प्रीति	प. ७.४	१५
प्रेम	प. ७.४	३४
फल	प. १०.१२	२६
बहु	प. २३.६	३२
बिंद	प. ३६.३१	५
बिग्यान	प. १५७.२	१
बिधि	प. २०.९	१५
भक्त	प. १२.५	१
भक्ति	२५.१८.१	२
भुवन	प. १०५.६	१
मंगल	प. १०९.४	३
मन	प. १०७.	१७४
माया	प. ४.५	५७
मूल	प. ३५.४	२३
मृत्यु	र. १२.२	१
राम	प. १.१०	२२५
संसार	प. ३४.२	२०
सकल	प. १५.५	२९
सतगुरु	प. १४४.२	३०
सतगुर	प. १४४.१	१२
समाधि	५७.४	३
सिंधु	प. १८.४	१
सुख	प. २५.२	५०
सुर	प. ५७	१०
हरि	प. ७१.१	१५७
हरिजन	प. १६.५	१०
ह्रिदय	१४९.९	१

१२.२ तद्भव शब्द कोश (संज्ञा) आवृत्ति

अंकमाल	४.३९.२	१
अंकुस	प. ९७.५	२
अंखियां	सा. २.३१.१	१
अंगना	प. १५.६	१
अंगुरी	सा. २५.७.१	१
अंगार	२.५२.१	१
अंदेस	प. १३.३	१
अंदेसा	सा. १०.५.१	१
अंधियारा	९.१.२	१
अकन	प. १६०.३	१
अक्खर	प. २१.४	१
अचंभौ	प. ११०.३	५
अचरज	प. १३३.३	२
अड़बंद	प. १४३.५	१
अरहट	सा. १६.३३.१	२
अरुझेरा	प. ८९.७	१
अवधू	प. ५६.१	८
अहटि	१०-१०	१
अहरखि	६५.१	१

अहरनि	६.८.२	१
आंटा	सा. १५.२[illegible].२	१
आक	२९.२२.२	१
आड़	प. ३४.६	१
आरनि	सा. १४.८.२	१
आरसी	१५.११.१	१
आलि	१६.३९.१	१
ऊजड़	४.४.३	३
औलौती	प. १३५.६	१
कंकर	प. १३१.५	१
कंगन	प. १७.४	१
कंगुरै	सा. १४.३६.२	१
कंद	प. ८६.४	१
कंदूरी	प. १२९.३	१
कंवल	प. १८.३	१२
कउवा	प. २८.४	३
कछुआ	प. ११४.५	१
कड़िया	सा. १६.३८.२	१
कतरनी	प. ९४.२	१
कनफूका	प. १६५.५	१
कबिता	प. ८५.५	१
कबीर		४१५
कमंडल	सा. १२.३१.२	१
करंक	२.२१.२	२
करगह	प. १४०.२	१
करछी	प. १९२.५	१
करतूत	र. ६.२	१
करव	प. १९.१	२
करहा	प. १३१.२	३
करवा	प. १९०.५	३
करिया	प. ११२.४	१
करोड़ी	प. ४२.४	२
कविलास	सा. १५५.२	१
कसनी	सा. १.३०.३	१
कसाई	प. १११.६	१
कसौटी	प. १९४.१	२
काइ	२८.२.२	२
कांच	१२६.२	१
कांजी	२२.५.२	१
कांसि	२१.३२.२	१
कांची	प. ४४.२	३
कांचुरी	सा. १५.२२.२	१
काजर	प. १७.५	५
काजल	१६५.२	२
किंगरी	प. १३३.१	१
किरखी	प. ९१.५	१
किरिम	प. ६८.३	२
कुभंक	प. १५.७	१
कुकड़ी	१८३.७	१
कुकुरि	१४०.८	१
कुकही	१५.१३.१	१
कुटवाल	प. १५५.१०	२
कुड	प. ६०.३	२
कुकुरि	१४०.८	१
कुहाड़ी	प. १५.२९.२	१
कुहारि	प. १५.६०.१	१
कूंटि	७५.७	
कूड़ा	२३.८.२	१
कूप	१९६.६	४
कोंहरा	प. ७६.४	१
कोखि	र. ३.३	१
कोठरी	प. ८०.३	१
कोथली	३१.१५.१	१
कोपीन	१२.४.१	१
कौड़ी	प. ३९.८	५
खंखर	१५.४५.२	१
खड़की	१६.३८.२	१
खप्पर	१४२.७	२

खपसी	१९.५.७	१	गुदरी	प. ९६.३	१
खहु	प. १७३.१	१	गुफा	प. १२२.५	४
खांड	प. ६२.३		गुवाड़े	सा: २५.९.२	१
खांडे	सा. १४.१९.१	१	गुसांई	प. २४.३	
खिन	प. ६५.८	५	गूगा	प. १५७.८	३
खिमा	प. १४.२.७	४	गेह	प. १३.१	२
खिलौना	प. १८.९.२	१	गैल	प. १०.२.१	१
खीचरी	सा. २१.३.१	१	गोंदरी	प. ६५.६	
खुर	र. १२४.२	२	गौहनि	सा. २१.२४.१	१
खूंटी	प. १३६.३	१	गोद	र. ३.३	२
खेत	प. ८३.४	८	गोनि	प. १२६.३	२
खोरि	सा. १५.१८.१	२	गोबरु	प. १९२.६	१
गँवार	सा. ३०.१५.१	१	गोरू	प. १८८.७	१
गंवारा	प. ७२.१	२	घड़ा	प. १२२.७	१
गगरी	प. ४४.३	१	घर	७.१	५४
गड़री	प. ११४.६	१	घरी	प. ४१.२	३
गढ़	प. २५.१	८	घाड़	२.३१.१	१
गदहरा	सा. २५.९.२	१	घाट	चौ. र. २'८	५
गरत्थ	सा. ३१.५.२	१	घाम	प. १३०.१४	२
गली	१५.३.२	१	घानि	सा. ३१.१७.१	१
गहनी	र. १३.३	२	घी	२९.५.२	१
गहमरा	सा. १४.२९.१	१	घूंस	११४.४	१
गहेलरी	सा. २.४१.२	१	घोड़ा	प. ४.२	३
गांउं	प. ४४.१	२०	चंच	सा. ३१.२५.२	१
गांगी रोले	सा. २५.२२.२	१	चंदा	प. १०२.५	४
गांठि	सा. २२.१	९	चउका	प. १९.२.६	१
गागरि	प. ५०.३	१	चउबारे	१५५.६	१
गाठरी	सा. ३२.६.१	१	चकनाचूर	२०.२.१	१
गादह	प. ११४.३	१	चटाई	सा. १८.६.२	१
गाहक	सा. १८.४.२	७	चबैना	१६.२६.२	१
गिरद	सा. १४.९.१	१	चरूआ	प. १६७.४	१
गिरही	सा. ९०.३	३	चांदिना	९.८.१	१
गुड़	५१.३	५	चाकि	१२.१.२	१
गुड़िया	प. ११९.४	१	चारा	१५.२.३	१

पंख	प. १.३	१	परजा	प. १०५.४	३
पंगी	१०८.६	१	परतखि	१०.३.१	१
पंजर	९.७.१	३	(पर्णी) परनीं	प. १६०.२	१
पंडिआ	प. १३३.३	२	परमल	३०.१०.२	१
पंडा	प. १६३.४	१	परलै	१६५.८	१
पईसा	२१.१९.२	१	परवान	१७३.७	३
पख	१७.२.२	२	परस	१७९.७	१
पखान	२९.२१.२	१	पल्ला	४.१७.२	२
पंखी	२०-७-२	१	पलान	प. ४.३	१
पग	प. १०८.४	६	पसाउ	प. ५४.३	१
पगरा	१५.७०.१	२	पसारा	सा. १५२.२	३
पच्छिम	१७७.१०	१	पहजन	प. १११.४	१
पछेवरा	प. ५३.५	१	पहर	२.४०.२	२
पटंतर	४.१०.२	१	पहरी	प. १७५.५	१
पटंबर	प. ६५.५	१	पहार	प. २६.६	१
पछोरि	सा. १७.७.२	१	पाइं	प. १.३	४
पटम	२५.१३.२	१	पाडंल	३२.१०.१	१
पटिया	प. २६.३	१	पांड़े	प. १९६.२	२
पट्टन	४.४.१	३	पांन	प. ५३.६	१
पताल	प. ११७.४	४	पांव	प. १४६.६	६
पतिआरा	११.८.२	१	पांवड़े	प. ८१.१	१
पत्ता	प. ११६.५	१	पांवरी	१४.३.४	१
पनह	प. ४२.७	१	पांसा	१.१३.१	३
पनिआ	प. १३७.२	१	पाखंड	प. ६६.४	४
पनिहार	प. १५५.७	१	पाखर	प. ११९.४	२
पपिहा	सा. २.४८.२	१	पाखान	१७६.८	१
पयाना	प. १०२.४	१	पागा	६२.४	१
पयारा	प. ६५.६	१	पाटन	१००.५	१
परअपवार्दाहि	प. ४०.५	१	पात	७३.४	४
परकास	प. १३०.८	२	पातग	र. १.३	२
परख	१८.५.२	१	पाती	प. १५२.३	७
परसोतम	प. १०८.७	१	पाथर	प. ७७.४	२
परगट	प. १५२.५	१	पान	प. ११४.४	३
परचा	चौ. र. ८.१	४	पानी	प. ३४.४	३५

वस्ती	प. ८९.४	१
वस्तु	प. ७२.४	८
वहनोई	प. १४०.५	१
वहरा	१.१२.१	१
वहिआं	प. १२६.३	१
वहुरिया	प. ११.२	२
वहुवरि	र. १७.९	१
वहू	प. ११०.६	१
वांझ	प. ६४.३	५
बांबी	प. ३४.१३	१
बांवरिया	प. ९४.६	१
बांस	प. १४.४	३
बांहि	प. २.११.२	२
बाउ	सा. ३१.१०.१	१
बाकी	प. ४१.२	१
बागुल	सा. १५.५८.२	२
बाघिनी	प. १६५.१	१
बाचा	३.७.२	५
बांच	१.२०.२	२
बाट	६३.१०	२
बाड़ी	प. ११२.२	१
बाती	प. ९९.२	१०
बादरी	२.५३.१	१
बाप	प. ४९.४	४
बाब	प. २६.१	१
बाबुल	११०.४	७
बारन	प. ८०.४	१
बाला	प. ७०.२	१
बालू	६९.९	१
बावरिया	८४.९	१
बासन	१५.७९.२	१
बासा	प. १८.३	६
बिंजना	प. ३४.११	१
बिंदत	प. ११५.२	१
बिखिया	४.२४.२	५
बिगूचनि	प. १८१.१	१
बिछोह	७.४.२	२
बिजुली	प. १३०.३	१
बिटिया	प. ११०.३	१
बिनांन	प. १७३.६	१
बिपदा	प. ४५.५	१
बिपरीती	प. ९०.९	१
बिरिखि	प. ५५.३	७
बिरिछ	प. १५२.२	२
बिलंगी	९.४०.२	२
बिलंबा	२.३७.१	१
बिलाई	११६.३	२
बिदेस	१८.८.१	१
बिसाहुना	१.१५.२	१
बिसूधा	र. १२.७	१
बिहड़ै	८.१७.२	१
बींद	१६.२८.२	१
बीछुरां	२.३.३	१
बुडभुज	प. ६४.३	१
बुड़ाई	१५.७८.२	१
बढ़ापौं	९८.३	१
बूटी	२.२४.२	१
बूंड़	२२.१४.२	१
बूंढ़ा	प. ५३.३	४
बूता	प. १४०.७	१
बेटा	१६.४०.१	१
बेड़ा	१५.२७.१	१
बेर	६.२३.८	२
बेरियां	प. २२.४	१
बेलरी	सा. ३१.१०.१	१
बेवहारा	र. १४.७	१
बेसास	१५.६२.२	४
बेसि	१९२.२	१

मेहरी	प. १००.३	१	लुहार	सा. १.३०.१	२
भैंड़िया	१५.८४.१	३	लूखा	२९.५.२	१
मैवासी	प. २५.३	२	लेंहड़ा	४.१८.२	१
मोर	प. ९.३	८	लेखा	प. ४१.२	१२
मोल	प. ८.१२.२	२	लेजुर	प. ९५.४	१
रखवारा	प. १६२.२	१	लेपन	प. १७३.४	१
रगत	प. १२४.३	१	लोइन	प. १८३.७	३
रसरिया	प. १७०.६	१	लोभु	प. ७७.३	१
रसोई	प. ५६.५	१	लोहा	प. ३.५	४
रहंटखा	प. १३६.३	१	लौन	१.२४.१	४
रांड	प. १०९.६	३	लौलीन	प. १५.४	१
राइ	प. १११.१	५	संगात	प. ७३.९	१
रावल	प. ५१.७	१	संघाती	प. १०४.७	१
रिदा	प. १३७.८	१	संझा	प. ७२.२	१
रुसंवा	र. १७.१०	१	सगाई	२९.२२.१	१
रुंड	३३.८.२	१	सरोवर	प. ५.५	१
रूख	प. १५७.५	३	सांकरा	२९.१.१	१
रोग	प. ६३.५	२	सहेली	१०९.४	२
रोझ	२५.९.२	२	साकत	१०६.२	१४
रोटी	२१.३.२	१	साक	२९.४६.१	१
रोड़ा	१९.६.१	१	सायर	१३८.६	४
रौंस	३७.६.१	१	साव	२.४६.१	१
रौलि	१५.८३.२	१	सावज	प. १२१.६	१
लटछूही	१५५.११	१	सासत्र	प. ८४.८	१
लंगर	प. १३७.४	१	सिंघ	प. ७१.४	८
लकड़ी	६२.८	१	सिंचाई	प. १६८.४	१
लरिका	१६४.३	१	सिंम्रित	प. १५३.२	२
लव	चौं.र. ७.७	१	सिख	११५.३	५
लहंग	प. ८७.७	१	सिखर	२२.१०.१	२
लहुरिया	प. ११.२	१	सियार	प. ७१.५	१
लाडू	प. १७.६	१	सिरहाने	१५.१.१	१
लात	प. १५.६.२	१	सिस्टि	र. ४१	२
लापसी	प. १८७.६	१	सीढ़ी	२०.२.१	१
लालच	प. ७४.३	३	सुखमन	प. ५१.६	२

सुपने	४.१३.१	२
सुपारी	१५.२६.१	१
सुमिरिनी	प. ९४.२	१
सुहागिनि	प. ११.७	३
सुहेला	६८.७	१
सेंबल	१५.४६.१	२
सेज	प. ११.६	६
सैली	प. १३१.४	१
सोना	१५.२५.२	१
सोव्रन	३३.७.२	१
सोरहा	२५.१२.१	१
सौंज	प. ५०.६	१
स्यार	प. १२०.४	१
हंकारा	१९७.३	३
हंडिया	१५.३०.२	१
हत्थ	९.३२.२	१
हथियार	१.२२.२	१
हरदी	२०.३.१	१
हलाहल	२६.५.२	१
हांम	१७०.५	१
हाड़	६२.५	४
हिन्दू	८५.३	११
हींगला	२५.२.२	१
हुलास	२५.१८.१	१
हैवर	१५.२४.२	१
हौंस	३३.६.२	१

१२.३ शब्दकोश

विशेषण		आवृत्ति
अऊत	सा.४.३८.२	१
अकन	प. १६०.३	१
अकेल	१६.२६.२	१
अकारथ	प. ७३.१	२
अगह	प. १५६.३	२
अघट्ट	सा. १.१५.१	१
अघाइ	सा. १५.१४.२	२
अजंच	८.१५.१	१
अजरावर	१५.६५.२	२
अजांण	सा. ११.१०.२	१
अथाहु	प. ४३.६	१
अटल	चौ. र. ४.२	१
अनजाने	सा. ४.२७.१	१
अनव्यावर	सा. १३.३.१	१
अनमेटू	प. १४६.५	१
अनियारे	प. ८.१	१
अपरबल	सा. २.५१.१	१
अपसर	सा. ४.२७.२	१
अपूठा	सा. २९.२३.२	१
अबिहड़	सा. ८.१६.१	१
अबूझ	सा. १४.६.१	१
अयांना	प. ४७.३	५
अलख	प. १४५.४	७
अलग	सा. ८.१४.२	१
अलह	प. १७७.१०	५
आछा	सा. २१.१२.१	१
उताने	प. १००.२	१
उतावला	२९.३.२	१
उनमनि	प. ५६.२	२
उलटा	प. १४२.८	१
ऊमर	प. ५०.३	१
ऊले	र. ३.९	१
ऊजर	सा. १५.६.२	३
ओछी	प. ४६.५	१
ओढ़न	प. ५३.५	१
ओदी	सा. २.८.९	२
औंधा	प. १२२.७	५
औघट	सा. ९.१९.१	१
औझड़	सा. १६.२७.१	३
कठिन	प. १५०.३	४
कठोर	प. २३.८	१

कुचिल	प. ६४.४	१	ढिग	१६६.३	३
कारी	प. ८.३	४	तनक	प. ११.२	१
काली	४.३४.२	२	तीखा	सा. १७.८.१	१
क्वांरी	१६०.२	१	थका	८५.२	२
खारा	सा. १६.३९.१	१	थिर	प. ७३.७	४
खार	सा. ३०.४.२		थोड़ा	सा. १५.४६.१	१
खाली	प. १७७.७	३	थोथरा	२६.६.१	१
खेम	प. १०१.१	१	दिढ़	प. १०.१०	४
खोटा	सा. १९.४.१	१	दुहेला	२३.३.२	१
गरवा	सा. ६.१०.२	२	दुबुरी	१६.३.१	१
गहिर	प. २४.३	१	नई	८.३.२	१
गाढ़ा	प. १६५.२	१	नकटू	प. ४१.४	१
गुज्झ	सा. २१.१५.१	१	नांगी	प.११.८.२	१
गुानयाले	सा. ११.७.१	१	नांनां	प.१८४.९	३
गार	सा. ३.१.२	१	निनारा	र. १.४	१
गाला	सा. २५.६	१	न्यारा	प.१४.४	४
गांहांन	प. १०.९.१	१	पंगुल	१.१२.२	१
गान	सा. ३.२४.१	१	पतड़ा	सा.२५.२०.२	१
घनां	प. २९.१४.२	१	पराई	१५.१५.२	२
घमसाना	प. ५९.३	१	पांवन	१९.१४.२	१
चंचल	१५९.६	५	पाकं पाक	प.८७.९	१
चोखा	र. २०.३	२	पाका	प.१२-१.२	३
चौड़े	सा. १४.११.२	१	पुराना	प.५०.४	३
छलीं	प. १५५.१४	१	पोच	र.१६.५	१
छारा	प. ५१.७	१	फीका	३१.२१.२	१
छापा	प. १४.४	१	फूटमफूट	२.५.१	१
छोछी	प. १११.८	१	बउरा	९७.१	१४
जेठ	प. १३५.३	१	बड़ा	प.२७.२	५
झीन	सा. २९.३.१	१	बपुरा	प.१५४.८	५
झूरि	सा. २.६.१	२	बरघ	प.१२६.३	१
टुक	प. ८७.४	२	बराबरि	प.१६.३	२
टेढ़ा	प. ४४.२	१	बांका	प.५१.८	१
ठिठकी	प. १६२.५	१	बिकट	प.५१.८	३
डहडही	१३.२.१	१	बिकरारा	प.३६.३	१

बिकराल	१५५.११	१	उवरै	प.१९६.८	१
बुरहा	२.१६.१	१	ऊगा	सा.९.३६.१	१
बुरा	३.१०.१	६	ऊनई	२.५३.१	१
बौरा	प.५८.१	२	कहैला	प.१६६.६	१
भला	प.१९.२	१३	काढ़ा	सा.१६.१३.२	१
भालि	सा.२.१२.१	२	कातल	५.१३.६.४	१
मंहगे	१४.२०.१	१	कुरलियाँ	सा.२.३.१	१
मटिया	५ १००.२	१	खड़ा	१८.१३.१	६
मा लु	१५.३०.१	१	खदेरा	प.८९.४	२
मूढ़	२.१२.७	२	खद्ध	१.७.१	१
मैंगर	र.१५.१	१	खसें	र. ९.६	१
मैंगल	१२.७.१	३	खेदा प.१२१.३ प.७१.५		१
मैमता	र.१५.१	६	खोज	प.१०८.६	१
मैली	९.३०.२	१	खोद	प.१९७.५	१
मौटी	१५.१८.१	२	खोलि	प.१६.३	५
लंबी	१६.२२२	१	खोवै	सा २१.२२.१	२
सिलहला	प.१४६.३	१	गइया	प.१४०.२	१
सूखिम	१०.१६.१	२	गड़े	सा.१५.१०.२	१
हरियर	१३.१.१	२	गला	१४.२०.२	२
हरुए	१५.२७.१	१	गहा	१६.४.२	१
१२.४ शब्दकोश	**क्रिया**		गाइए	प.८२.१	१
अंचवै	१२२.१३	१	गिरै	प.२६.६	१
अखै	चौ. २.४	१	गुदरावै	प.४२.१	१
अछत	सा. १०.११.२	१	घहराई	प.१११.५	१
अटक	प.३४.६	१	घालै	प.११८.४	२
अत्थि	प.२०.६	३	घोलै	प.९३.३	१
अवतरिया	प.६.१	१	घूमत	सा.१२.५.७	१
आथवै	१६.१९.१	१	घेरै	प.१३८.३	१
उचारिया	१.१३.२	१	चढ़ा	.५६.२	३
उठी	प.३५.६	२	चमंकिया	३.२३.१	१
उड़ाइ	सा.१६.३७.२	१	चरावै	प.११६.१	१
उतरा	सा. ८.९.२	२	चाखा	प.५६.७	१
उनवै	र.१३.५	१	चीन्हा	प.११५ ३	६
उपानी	र.४.२	१	चुआ	प.५६.५	१

चुनावै	प १५ ८४ १	२
चुनिया	सा १६.१९ २	१
चूका	प ११८.३	१
चैता	सा ९ २० २	१
चोंघते	सा. १६ ११.१	३
छडाऊं	प २६ ५	१
छांडा	प.१५९ ५	२
छाजै	प.१५७.१०	१
छाया	प.७८.८	२
छिटकाई	प.१८३.१०	१
छिपाए	प.१७७ ३	१
छीजै	प ९८.४	२
छुए	र.७ ४	१
छुड़ाया	प.१७५ ६	१
छित्रैला (छुए)	प.१६६ ४	१
छुवाऊँ	प.१६०.७	१
छेक	सा १.९.२	१
छोड़ई	प.३९.४	१
जगाइ	सा. २.४३.१	२
जाँचउँ	५.११५.१	१
जेवावै	प.१९७.४	१
झकोरे	प.११२.६	१
झपेड़	सा. ११.१२.१	१
झरै	१५ ७४.२	२
झुलाइ	२५.२१.१	१
झोंकिया	१८ ८.२	१
टरत	प.९०.२	१
टांचिया	प.१८७.४	१
टिकै	सा.१०.२.२	१
टूटा	प.५२.३	२
ठहरानी	प.९२.५	१
ठाढ़ा	प.१०८.२	२
ठेलिया	५.१.६.२	१
डंस्यों	प.३६.५	१
डंहके	प.१६४.७	१
डारा	प.१५२.२	४
डाला	प. १७५.८	१
डिगा	३.१८.२	१
डूबै	प. १२२.७	१
डोला	र. ३.६	१
ढहाया	प. २५.७	१
ढालि	प. ८८.७	१
ढुरि	प. १३१.२	४
ढूढ	चो र. ४.८	१
तकत	प. २२.४.१	१
तजत	प. १५.१०	१
तनायो	प. १५०.१	१
तरसै	प. २.१८.२	१
तिराई	सा. २४.११.१	१
तुरावा	प. १५.४	१
तुलै	र. २.१	२
थापहु	प. १९.१.५	२
दई	१.१५.१	१
दरसा	प. १.८	१
दाघी	१६.२.१	१
दिखलाई	२.४०.१	१
दिया	प. ९९.२	११
दीसा	१८५.६	१
देना	१५.२४.२	१
धरा	१६.२०.१	१
धाउं	प. ३५.६	१
धारी	प. १७६.१२	१
धोई	प. १०४.३	२
नसाइया	र. ७.८	१
निकंदिया	२६.५.२	१
निकसी	प. ४.१.५	२
निगले	प. ११४.७	१
निगुसावां	६.३.१	१

सौपा	१४.२३.२	१
हंसि	२.३८.१	१
हरसिया	१४.१७.२	२

१२.५ विदेशी शब्द (कोश) संज्ञा, विशेषण, क्रिया, क्रिया-विशेषण अव्यय आदि)

अकिलि	प. १३४.२	१
अजब	प. २.२	१
अतर	चौ. र. ५.१	१
अनाज	प. ९७.६	१
अलहजा	१६.३९.१	१
अल्लह	पा. १७७.१	२
अवलि	पा. १८४.३	१
असर	प. ३४.४	१
असरार	सा. ३.४,२	२
असवार	सा. १४.३५.१	१
आदम	प. ४२.५	२
आल	प. २६.३	१
आलम	प. ६६.३	१
आब	सा. २.४७.१	१
इतबारा	प. १५२.१	१
इफतरा	प. ८७.३	१
इला	प. ११३.४	१
ईमान	प. १७२.३	१
उजागर	प. १७६.७	१
उजू	प. १७७.४	१
उसारि	सा. १६.१२.१	२
औरति	प. १७७.१२	२
कतेब	८१.४	६
कमाई	प. ६३.३	४
कमान	प. ४.४	२
कमाया	सा. १५.८२.१	१
करज	प. १९५.११	१
करदन	प. ८७.७	१
करीम	प. ८७.१०	२
करेजा	प. १६५.३	१
कवादे	प. १७८.८	१
कागद	प. ३.५	८
काबै	प. १८४.६	२
कालबूत	प. ९७.४	२
कालर	सा. २४.१५.२	१
किबला	प. १२९.२	१
कुंजड़न	सा. १८.१२.१	१
	प. ६०.३	
कुदरति	प. १८५.३	३
कुरान	र. ६.१	१
कुलुफ	प. ८०.४	१
कूता	११६.२	२
कोइला	३०.१७.२	२
खत	१६.१५.२	१
खतना	१८२.३	१
खपत	चौ र. ९.१	२
खबर	४४.६	१
खरच	८९.५	१
खरसान	१७.८.१	१
खलक	८७.६	४
खसम	चौ र. २.३	९
खांडे	१४.१९.१	१
खाक	१६.३	३
खाद	२१.३.१	१
खान	२१.३.१	१
खालसौ	८६.९	१
खालिक	८७.६	५
खान	सा. २१.३.१	१
खाला	सा. १४.३१.१	५
खुदाइ	प. ८७.४	१
खुमारि	सा. १२.५.१	२
खुसी	प. ८७.५	१
खून	प. १७७.३	१

दस्तगीरी	पा. ८७.२	१
दांव	१.३३.२	१
दाइम	८७.८	१
दाझत	२.५३.२	१
दावा	३२.२.२	१
दिल	प. ८७.१	१९
दिलाई	प. ४२.५	१
दिवाना	प. ४२.५	३
दिसावरि	प. १५१.२	१
दीदार	प. ३३.८	२
दीवान	२१.२.२	१
दुनियाँ	प. ७९.६	८
दुरुस	प. १७.२.३	१
दोजक	प. १७८.८	१
दोस्त	प. ६६.१	२
नजरि	प. ४२.५	३
नजीकि	प. ४२.७	१
नफर	६.१०.२	१
नबेरा	चौ र. ५-७	१
नाज	प. ७३.२	२
निसान	१६४.१०	१
नौबति	१००.१	३
पतंग	र. ११.६	६
पयंबर	प. १६४.७	१
परवाना	चौ र. ३.७	१
परेसानी	प. ८७.१	१
पलंघ	प. ६५.५	१
पलीता	प. २५.६	२
पुरिजा	सा. १४.२२.२	१
पैगम्बर	४२.२	२
फंक	चौ र. ६.४	३
फंद	प. ९४.६	२
फरंकि	सा. १.१०.२	१
फांकि	प. १९७.३	१
फांस	प. ६७.६	२
फिकिर	प. ८७.८	१
फुरमाया	१८४.३	१
फूंक	१.५.२	१
बंद	चौ. र. ६६	१
बंदगी	४.३६.२	४
बंदा	१६३.८	४
बकसहु	प. ३७.१	१
बरवसि	प. ४१.५	१
बगुचां	प. १६.३०.१	१
बगुला	प. १८.५.२	२
बदउंगा	प. १७८.३	१
बरखिया	२२.९.१	४
बरकस	प. १११. ६	१
बलइया	प. १४०.१	१
बलाइ	प. ५५.५	२
बाँग	१२९.१	१
बाजारि	१.३२.१	१
बाजीगरी	प. ६०.८	१
बिल्लाइत	३२.२.२	१
बिसमिल्ला	र. ५.३	१
विसमिल	प. १८३.३	१
बीबी	प. ८९.६	१
बुत	८५.३	१
बेकाम	३.९.२	२
बेखबर	प. ८७.५	१
बेगाना	प. १३४.२	१
बेहद	९.२.११	४
बेहाल	प. १३.८	१
मंद	१.४.२	१
मंदरिया	प. ५०.२	१
मक्के	प. १९३.४	१
मजलिसि	प. ४२.१	१
मतवारा	प. ५६.१	१

कबीर की काव्य-भाषा का क्षेत्र-कालानुक्रम

कबीर (सं० १४५५-१५७५) की भाषा भाषा-वैज्ञानिकों के लिए एक जटिल पहेली रही है। इस पहेली में प्रमुखतः दो समस्याएँ उलझी हैं—

१—कबीर का आविर्भाव काल ईस्वी १५ शताब्दी में (१३९८-१५१९ ई०) हुआ है। अतएव कालानुक्रम से कबीर ग्रन्थावली में इसी काल की भाषा का गठन मिलना चाहिए। किन्तु कबीर काव्य की कोई भी हस्तलिखित प्रति कबीर रचित या कबीर के समय की नहीं मिलती है। अतएव १८ वीं, १९ वीं तथा २० वीं शती ई० की प्रतियों के आधार पर निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता है, कि कबीर काव्य का जो पाठ मिलता है उसकी भाषा किस काल की है। भिन्न-भिन्न प्रतिलिपिकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए भिन्न-भिन्न पाठों में भाषा के अनेक रूप मिलते हैं। अतएव साधारण पाठक ही नहीं अपितु भाषा-वैज्ञानिक भी इस उलझन में पड़ जाते हैं, कि कबीर की कविता की मूलाधार भाषा का स्वरूप क्या है। डा० पारसनाथ तिवारी ने पाठ विज्ञान के आधार पर कबीर ग्रन्थावली का संपादन किया है जिसमें २०० पद, २० रमैनियाँ तथा १ चौंतीस रमैनी तथा ७४४ साखियाँ कबीर की प्रामाणिक रचनाएँ मानी गई हैं। यदि काल-क्रम से इन रचनाओं की भाषा १५ वीं शती ई० की सिद्ध हो सके तो इस संपादन की प्रामाणिकता को बहुत ही बल मिल सकता है। इस समस्या का सुलझाव तभी संभव है जबकि भारतीय आर्यभाषा के विकास की पृष्ठभूमि में कबीर ग्रन्थावली की भाषा का कालानुक्रमिक अध्ययन किया जाए जिससे यह निश्चय हो सके कि प्रस्तुत पाठ की भाषा १५ वीं शती ई० की है अथवा नहीं। कबीर से १ शती पूर्व १४ वीं शती और कबीर से १ शती बाद से १६ वीं शती में रचे ग्रन्थों की भाषा और कबीर की भाषा के तुलनात्मक अध्ययन से कबीर की भाषा का काल निश्चित हो सकता है।

२—कबीर की काव्य-भाषा से संबोधित दूसरी समस्या उसकी क्षेत्रीय प्रकृति की है। आधुनिक युग में मध्य देश या हिन्दी प्रदेश के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में बोली जाने वाली अनेक बोलियों या भाषाओं के दृष्टिकोण से कबीर ग्रन्थावली में अनेक बोलियां या भाषाएँ (खड़ी, ब्रज, पंजाबी, राजस्थानी, अवधी, भोजपुरी) के रूप मिलते हैं। भाषा सम्बन्धी इस अनेकरूपता के कारण ही भिन्न-भिन्न विद्वान् कबीर की भाषा में भिन्न-भिन्न रूप देखते हैं। कबीर की भाषा के सम्बन्ध में प्रमुख मत निम्नलिखित हैं—

(१) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार दोहे-साखी की भाषा सधुक्कड़ी अर्थात् राजस्थानी, पंजाबी मिली खड़ी बोली है। पर रमैनी और पद में गाने के पद हैं जिनमें काव्य की ब्रजभाषा और कहीं-कहीं पूर्वी बोली का भी व्यवहार है।"[1]

(२) शुक्ल जी द्वारा वर्णित 'सधुक्कड़ी' 'भाषा को डा० श्यामसुन्दर दास 'खिचड़ी' की संज्ञा देते हैं। इनके अनुसार 'कबीर' की भाषा का निर्णय करना टेढ़ी खीर है; क्योंकि वह खिचड़ी है। यद्यपि उन्होंने स्वयं कहा है कि मेरी बोली पूरबी है तथापि खड़ी बोली, ब्रज, पंजाबी, राजस्थानी, अरबी, फारसी आदि अनेक भाषाओं का पुट भी उनकी भाषा पर चढ़ा है। पूरबी से उनका तात्पर्य क्या है नहीं कह सकते हैं उनका बनारस निवास-स्थान पूरबी से अवधी का अर्थ लेने के पक्ष में है परन्तु उनकी रचना में बिहारी का पर्याप्त मेल मिलता है।'

(—कबीर ग्रन्थावली, भूमिका, पृ० ६७)

(३) डा० सुनीति कुमार चटर्जी के मतानुसार कबीर काव्य की सामान्य भाषा ब्रज है जिसमें पूरबी (भोजपुरी) का पुट है—इनका मत है कि 'कबीर' यद्यपि भोजपुरी क्षेत्र के निवासी थे, किन्तु तत्कालीन हिन्दुस्तानी (हिंदी) कवियों की तरह उन्होंने प्रायः व्रजभाषा का प्रयोग किया और अवधी का भी। उनकी व्रजभाषा में कभी-कभी पूरबी (भोजपुरी) रूप भी झलक आता है; किन्तु जब वे अपनी बोली भोजपुरी में लिखते हैं तो व्रजभाषा के तथा अन्य पश्चिमी भाषिक तत्व दिखाई पड़ते हैं। (पृ० ९९)

(४) डा० उदयनारायण तिवारी भोजपुरी को कबीर काव्य की मूलभाषा मानते हैं और उसकी विविधता को बुद्ध वचनों की समता करते हुए अपना यह मत प्रकट करते हैं, 'कबीर की मूल भोजपुरी में लिखी वाणी बुद्ध वचनों की तरह कई भाषाओं में अनूदित हो गई थी इसलिए उसमें इतने प्रकार की विविधता पाई जाती है।'

(हिन्दी अनुशीलन, अंक २)

(५) भाषा की दृष्टि से आचार्य शुक्ल की 'सधुक्कड़ी', डा० श्यामसुन्दर दास की 'खिचड़ी', डा० रामकुमार वर्मा की 'अपरिष्कृत' प्रतीत होती है क्योंकि 'संतकाव्य तीन भाषाओं से प्रभावित मिलता है--पूर्वी हिन्दी, राजस्थानी और पंजाबी।'

(हि० सा० आ० इ०, तृ० सं०, पृ० २९७)

(६) डा० शिवप्रसाद सिंह संतों की भाषा के विषय में अभिव्यक्त किए गए अपने पूर्व विद्वानों के मतों की आलोचना करते हुए 'संतों की भाषा को खिचड़ी, सधुक्कड़ी, पंचमेल आदि विशेषण देकर भाषा विषयक अध्ययन की इयत्ता' नहीं मानते हैं; बल्कि कबीर की भाषा का विश्लेषण करते हुए यह कहते हैं, कि कबीर बनारस के थे

१–रामचंद्र शुक्ल, हि० सा० इ०, पृ० ८०, संस्करण

इसलिए उनकी भाषा बनारसी रही होगी। यह तत्कालीन स्वीकृत भाषा पद्धतियों के सही विश्लेषण से उत्पन्न तर्क नहीं कहा जा सकता है—'वस्तुस्थिति यह है, कि कबीर ने स्वयं कई भाषाओं का प्रयोग किया संभवत: इतनी बारीकी से वे इन भेदों को स्वीकार नहीं करते थे। डा० सिंह के मतानुसार कहा जा सकता है कि कबीर ने भिन्न-भिन्न प्रकार के भाव-विचारों को भिन्न-भिन्न काव्य-शैलियों में व्यक्त किया और भिन्न-भिन्न शैलियों में भिन्न-भिन्न भाषाओं का प्रयोग किया। कबीर की ये रचनाएँ जिनमें वे ढोंगियों, धर्मध्वजों, मज-हबी ठेकेदारों के खिलाफ़ बग़ावत की आवाज़ बुलन्द करते हैं खड़ी बोली या रेख़ता शैली में दिखाई पड़ते हैं ठीक इसके विपरीत जब अपने सहज रूप में आत्मनिवेदन, पणपत्ति या आत्मा परमात्मा के मधुर मिलन के गीत गाते हैं तब उनकी रचनाओं का माध्यम ब्रजभाषा हो जाती है'। कबीर को अवधी की दोहा चौपाई की शैली प्रिय लगी अतएव रमैनी की रचना इसी शैली में ही की। रमैनी की भाषा कुछ अवधी नहीं है फिर भी अवधी के स्पष्ट रूप दिखाई पड़ते हैं ब्रज का प्रभाव भी कम नहीं है।

(७) कुछ विद्वान समस्त भिन्न-भिन्न मतों की आलोचना-प्रत्यालोचना के उलझन में न फंस कर 'बोली मेरी पूरबी' को मौलिक भाषा का द्योतक न मान कर प्रतीकात्मक या आध्यात्मिक अर्थ ग्रहण करते हैं। भाषा का एक वस्तुपरक अध्ययन प्रस्तुत करने के उद्देश्य से कबीर द्वारा प्रयुक्त कबीर के आंशिक रूप से व्याकरणिक रूपों के उदाहरणों के आधार पर ये विद्वान स्थापना करते हैं, कि कबीर ने अपने युग की परिनिष्ठित काव्य भाषा अथवा ब्रज में कविता की थी। उनकी काव्य भाषा पश्चिमी बोली ही थी—पूरबी नहीं।

उपर्युक्त सातों विद्वानों ने कबीर के भाषा रूपी हस्ती का स्वरूप-गठन वर्णन करने का अपने-अपने ढंग से प्रयत्न किया है। इन मतों में सत्यासत्य का निरूपण सम्पूर्ण कबीर ग्रन्थावली में प्रयुक्त व्याकरणिक रूपों के प्रयोग के बिना वैज्ञानिक नहीं कहा जा सका। अतएव समस्या के पूर्व पक्ष में पाठकों को और अधिक न उलझा कर हम कबीर काव्य का क्षेत्रीय कालानुक्रमिक अध्ययन प्रस्तुत करने का प्रयास करेंगे।

कबीर काल में तथा कबीर से १ शताब्दी पूर्व और एक शताब्दी बाद की रचनाओं के आधार पर कबीर ग्रन्थावली में खड़ी, ब्रज, राजस्थानी, पंजाबी, अवधी तथा भोजपुरी बोलियों की सापेक्षिक स्थिति पर प्रकाश डालने का प्रयत्न किया जाएगा। प्रयोगावृत्ति के सापेक्षिक आधिक्य के आधार पर ही कबीर की आधारभूत बोली की प्रकृति का निर्णय किया जा सकता है। इन बोलियों के सापेक्षिक प्रयोगावृत्ति के आधार पर यह भी निष्कर्ष निकाला जा सकता है, कि कबीर ग्रन्थावली (१) एक प्राचीन सामान्य भाषा में लिखी गई है और उसमें विविध रूपयों की प्राप्ति उसी की प्रान्तीय रूपता या अन्तर्प्रान्तीय रूपता का परिचायक है। (२) अथवा कबीर ने अपनी रचना में सचेत होकर शैली तथा भाव-

---

(डा० शिवप्रसाद सिंह—ब्रजभाषा, पृ० १८४)

विचार-भिन्नता के साथ-साथ भाषा भिन्नता को बनाए रखने के उद्देश्य से खड़ी, राजस्थानी, पंजाबी तथा अवधी और भोजपुरी का प्रयोग किया है। (३) अथवा कबीर ने सचेत होकर अपनी रचनाओं में किसी एक भाषा का प्रयोग नहीं किया; बल्कि जिस-जिस प्रान्त में जाते थे वहाँ-वहाँ अपने श्रोताओं की भाषा में रचना करते थे जिससे उनकी भाषा पँचमेल खिचड़ी या सधुक्कड़ी हो जाती है।

कबीर ग्रन्थावली की मूलाधार बोली

यह तो निर्विवाद है, कि महात्मा कबीर ने मध्य देश अथवा आधुनिक हिन्दी प्रदेश में बोली जाने वाली एक बोली या अनेक बोलियों में ही काव्य रचना की होगी। कबीर ग्रन्थावली में पश्चिमी (खड़ी, ब्रज, पंजाबी तथा राजस्थानी) तथा पूर्वी हिन्दी के दोनों व्याकरणिक रूप प्रयुक्त हुए हैं किन्तु इनमें से कौन-सी बोली मूलाधार और किसका मिश्रण मात्र है इसका निर्णय कबीर ग्रन्थावली में प्रयुक्त व्याकरणिक रूपों की सापेक्षिक प्रयोगावृत्ति से ही संभव है।

उपर्युक्त तीन संभावनाओं में से कौन-सी संभावना कबीर ग्रन्थावली में सत्य उतरती है इसके निर्णय का एक मात्र साधन प्रयोगावृत्ति का विवेचन ही है। यह विवेचन यदि ध्वनि पद-वाक्य तथा शब्द कोश इन समस्त स्तरों पर हो तो निष्कर्ष अधिकाधिक वैज्ञानिक होगा।

व्याकरणिक रूपों की सापेक्षिक प्रयोगावृत्ति

पच्छिमी हिन्दी की खड़ी बोली में जो शब्द रूप (संज्ञा मूल रूप पुलिंग, ए० ब० संबंध कारक, पुरुषवाचक सर्वनामों के संबंध कारकीय रूप, विशेषण तथा भूतकालिक कृदन्त) आकारान्त होते हैं अधिकांशतः वे ब्रज और राजस्थानी (तथा कन्नौजी, बुंदेली आदि) में ओ-औकारान्त और यही अवधी (तथा भोजपुरी) में लघ्वन्त या व्यंजनांत: अथवा दीर्घ दीर्घतर होते हैं।

(प्रस्तुत विवेचन में मध्यकालीन ब्रज के रूपों के लिए डा० धीरेन्द्र वर्मा कृत 'ब्रज-भाषा' तथा मध्यकालीन अवधी के लिए डा० बाबूराम सक्सेना कृत 'एवोल्यूशन आव अवधी' से सहायता ली गई है। जो रूप तत्कालीन ब्रज-अवधी में नहीं मिलते और आधुनिक खड़ी बोली में ही मिलते हैं उन्हें मध्यकालीन खड़ी बोली के रूप मान लेने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए।)

कबीर ग्रन्थवली में संज्ञा मूल रूप, ए० व० पुलिंग के निम्नलिखित रूप ऐसे हैं जो तीनों बोलियों में भिन्न रूप से अपना अन्त्यस्वर रखते हैं।

खड़ी	ब्रज	अवधी
अंदेसा १ : सा. १०.५.१:	....	अंदेस १ (सा.६.७.२)
अंधियारा-१ : सा. ९.१.२:	....	....

	अचंभौ ५ : प.३, सा. २ १ :प.८९.७:	....
कूड़ा १- :सा.२३.८.२:	अरुझेरो-........	....
छाला १ :सा. २.३६.२:	....	....
जूठा ६ :प. ६:	....	....
झगरा १ :प.२७.१:	....	....
टीका १ :प.१४३.२:	....	....
घका २:१५.८९.२:	....	....
धागा १:प. १६.६:	....	....
नाला १ प. १.५:	....	....
पियारा ३ :र.१२.४ :	पियारो १ :सा.३०.२४.१:	....
सा. ३.२०.१	....	....
९.७.२	....	....
बछरा १ : १८.६.२	....	....
बनजारा १ : १२.६.५ :	....	....
बेटा १ : सा. १६.४०.१:	....	....
बेडा १.१५.२७.१	....	....
पौहडा १ : १५.४१.१	....	....
भरोसा २.३८.१,३२.७.२	....	....
मंझधारा १ : प.३.६ :	....	....
रंहटा १ : प. १३६. ५ :	रहट १: २.४८.१	रहटवां १ प.१३६.३
रहटा १ प. १३६.१	... .	....
रोड़ा १.१९.६.१	....	.. — ....
लेंहडा १.४.१८.२	....	....
लेखा १ प. ४.१.२	....	....
लोहा ४ प. ३.५	....	लोह प. १: १६६.४
३२.४	....	सा. २४.११.१
सा. ३. १०. २	....	....
२४.११.१	....	.... —

संबंध कारक

कबीर ग्रन्थावली में संबंधकारकीय परसर्गों की सापेक्षिक प्रयोगावृत्ति निम्न-लिखित है—

प्रसर्ग	खड़ी	ब्रज	अवधी	विशेष
ए० व०	+ का १३५ आवृत्ति			
	प.४३			
	र.९			
	सा. ८३			
			+ क २५ आवृत्ति	
		+ कौ २५ आवृत्ति		
			+ केर २ आवृत्ति	
			र. १८.४	
			१६.३	
			+ केरा ८ आवृत्ति	
			प. १ आवृत्ति	
			सा. ७ आवृत्ति	
वि० रूप	+ के १८२ आवृत्ति	तीनों बोलियों में प्रयुक्त		
स्त्रीलिंग	+ की २६८ आवृत्ति	”	”	
			+ केरे ६ आवृत्ति	
			६ सा.	
			–केरी ७ आवृत्ति	

पुरुषवाचक सर्वनाम संबंधकारीकीय रूप

खड़ी	ब्रज	अवधी
मेरा–२१ आवृत्ति	मेरो–१० आवृत्ति	मोर–१० आवृत्त
		मोरा–१० आवृत्त
मेरी–१८ आवृत्ति	मेरी–१८ आवृत्ति	मोरी–२ आवृत्ति
हमारा–७ आवृत्ति	हमारो	हमरा–२ आवृत्ति
		हमार–१ आवृत्ति
हमारी–२ आवृत्ति	हमारी–२ आवृत्ति	हमरी–४ आवृत्ति
हमारे–६ आवृत्ति		हमरे–४ आवृत्ति
तेरा–१५ आवृत्ति	तेरो–३ आवृत्ति	तोर–५ आवृत्ति
		तोरा–४ आवृत्ति
तुम्हारा–१ बार		तुम्हरा–२ आवृत्ति
तुम्हारी–८ बार	तुम्हारी–८ आवृत्ति	तुम्हरी–१ आवृत्ति
तुम्हारे–२ बार		तुम्हरे–१ आवृत्ति

विशेषण

खड़ी बोली में पुलिंग, ए० व० के जो विशेषण पद आकारान्त होते हैं अधिकांशतः वे पद ब्रज (बुंदेली, कन्नौजी, राजस्थानी) में ओ–औकारान्त तथा अवधी में आकारान्त या व्यंजनांत (लघुवन्त) होते हैं। इस दृष्टि से कबीर ग्रन्थावली में इन विशेषण रूपों की सापेक्षिक प्रयोगावृत्ति निम्नलिखित है—

खड़ी	ब्रज	अवधी
(१) अकेला (हंसु) ४ आवृत्ति प. ३ आवृत्ति ६८.२, ११०.४ ११९.२ र. १–४.५		अकेल (मैं) सा.१६ २६.२ १ आवृत्ति
(२) अयाना (सुत) ५ आवृति प. ३ - ४७.३, ६६.३, ६९.९ र. १ - १०.६		
(३) आछा (गाँव) १ आवृत्ति सा. २१.१२.१		अवधी
(४) आंवरा (बेदकतेब) १ आवृत्ति प.८७.३		
(५) इफतरा (बेदकतेब) १ आवृत्ति प.८७.३		
(६) उजियारा (घट) १ आवृत्ति प. ६४		ऊजल - ५ आवृत्ति
(७) ऊजला (पिउ) सा. ९.३.२		सा.४.३१.३ १२.३.१ १५.२६.१ १५.६५.१ २०.३.१
(८) ऊजरा सा. २२.३.२		ऊजर सा. १५.६.१
(९) कांचा (तुम्म) सा. १५.५९.१		
(१०) खरा (कहनु) २ आवृत्ति प. ११५.१		

खड़ी	ब्रज	अवधी
सा. २३.२		
(११) खारा (ज़ग) १ आवृत्ति		खार
सा. १६.३९.२		सा. ३०.४०.२
(१२) घनां (साझी) २ आवृत्ति		घन ४ आवृत्ति
सा. १६.१२.२		प.१-१३१.११
१.३१.२		सा. ३-४-३.१
		४.१०.१
		३१.१३.२
(१३) झूंठा ४ आवृत्ति		झूंठ (कुल)
		र.१०.५
प. ८९.१,१८३.५, १७९.१		झूंठ (संसारा)
र. १७.८		र.१९.१
(१४) (जरजरा) बेड़ा : २ आवृत्ति		जरजर १ आवृत्ति
सा. १.१०.२		सा. २.३४.१
१५.२७.१		
(१५) थोथरां (जपतप) १ आवृत्ति		
सा. २६.६.१		
(१६) थोड़ा (जीवना)		
सा. १५.४३.१		
थोरा-सा. ३१.२२.१		
(१७) पातरा : १ आवृत्ति		
२९.३.१२		
(१८) पियारा ३ आवृत्ति	पियारो १ आवृत्ति	
र. १२	सा. ३१.२४.१	
(१९) बावरा		
र. १. २		
(२०) भला १३ आवृत्ति	भलो भलो	भल ५ आवृत्ति
सा. २१.१.१	२ आवृत्ति	प.३
प.२	२१.२७.१	सां. २
सा.११ आवृत्ति		
(२१) सयाना र.३		

खड़ी	ब्रज	अवधी
(२२) सांचा सा. १.९.१		
(२३) सांकरा सा. १६.१.१		
(२४) सगा सा. १.३.२		

निजवाचक सर्वनाम-संबंधकारकीय

निजवाचक सर्वनाम के संबंधकारकीय रूप खड़ी, ब्रज और अवधी तीनों में विशिष्ट हैं––

खड़ी	ब्रज	अवधी
अपना-५ आवृत्ति		
प.२		
सा.३		
आपना-२ आवृत्ति		
सा. २		
	अपनौ १ आवृत्ति	
		आपन ५ आवृत्ति
		प.२
		र.१
		सा.२
		आपुन १ आवृत्ति
		सा. ३१.२४.२

सार्वनामिक विशेषण (प्रकार या गुणबोधक) अवधी

खड़ी	ब्रज	अवधी
जैसा ८ आवृत्ति		
प.३		
सा. ५		
	जैसो १ आवृत्ति	
तैसा २ आवृत्ति		
सा.२		
	तैसो २ आवृत्ति	
कैसा २ आवृत्ति		
प.१		
सा.१		
	कैसो १ आवृत्ति	
प.१३.४		
१५		

क० ग्र० खड़ी	ब्रज	अवधी
ऐसा ३४ आवृत्ति प.१२ सा. २२		
	ऐसो १ आवृत्ति प. १५४.६	

सहायक क्रिया

'अस्' 'भू' तथा रह धातु से विकसित सहायक क्रिया से संबंधित भूत निश्चयार्थ के रूप में खड़ी, ब्रज और अवधी में भिन्न रूप से निर्मित होते हैं। कबीर ग्रन्थावली में इन रूपों की सापेक्षिक आवृत्ति निम्नलिखित है:—

खड़ी	ब्रज	अवधी
था ७ आवृत्ति		
थे ४,,		
	हते १ आवृति	
हुआ, हूआ, हुवा ११ आवृत्ति		
भया ७० आवृत्ति		
	भयौ १७ आवृत्ति	
		भएउ० १ आवृत्ति
		भवा १ आवृत्ति
रहा २ आवृत्ति		

क्रियार्थक संज्ञा

खड़ी बोली में क्रियार्थक संज्ञा के रूप ना अना : तथा ब्रज भाषा में अनो-अनौ बौ तथा अवधी—अब् लगा कर बनते हैं। कबीर ग्रन्थावली में इन रूपों की सापेक्षिक आवृत्ति निम्नलिखित है—

खड़ी	**ब्रज**	**अवधी**
+ना अना १५ आवृत्ति		
	+नौ अनौ १ आवृत्ति	
		+अब्-३ आवृत्ति
+अन् न २० आवृत्ति		

भूतनिश्चयार्थ

अन्य पु० ए० व० पुलिंग भूतनिश्चयार्थ के रूप खड़ी ब्रज और अवधी में भिन्न-भिन्न रूप से निर्मित होते हैं। कबीर ग्रन्थावली में इनकी सापेक्षिक आवृत्ति निम्नलिखित है—

+इया या आ
१५० आवृत्ति

क०ग्र० खड़ी	ब्रज	अवधी	भोजपुरी
	–इयौ यौ औ औ ३० आवृत्ति		
		+वा एउ एहु १३ आवृति	
			+ला ५ आवृत्ति

कुछ विशिष्ट भूतनिश्चयार्थक क्रिया रूपों की सापेक्षिक प्रयोगावृत्ति नीचे दी जाती है :—

	खड़ी	ब्रज	अवधी	भोजपुरी
गया ४८ आवृत्ति	खड़ी			
गया २१ ,,		ब्रज		
गया ,,			अवधी	
भया ७० आवृत्ति	खड़ी			
भयौ १७ ,,		ब्रज		
भएउ १ ,,			अवधी	
भैला-भैल–आ				भोजपुरी
मिला २० आवृत्ति	खड़ी			
मिलिया ८ ,,	,,			
मिल्या १ ,,	,,			
मिलियौ ८ ,,		ब्रज		
मिलिऔ १ ,,				
मिल्यौ २ ,,		ब्रज		
मिलैला १ ,,				भोजपुरी
हुआ ५ आवृत्ति	खड़ी			
हूआ २ ,,	खड़ी			
हूवा ४ ,,	खड़ी			
हैला ४ ,,				भोजपुरी
आया १७ आवृत्ति	खड़ी			
आइया ३ ,,	खड़ी			
आयौ ५ ,,	खड़ी			
आवा ६ ,,			अवधी	
पाया २७ ,,	खड़ी			

	खड़ी	ब्रज	अवधी
पाइया ४ ,,	खड़ी		
पायौ २ ,,		ब्रज	
पावा ८ ,,			अवधी
किया ४८ ,,	खड़ी		
कीया १२ ,,			
कियौ ६ आवृत्ति		ब्रज	
कीन्ह ६ ,,			अवधी
कीन्हां १३ ,,			अवधी
किएहु १ ,,			अवधी
देखा १६ ,,	खड़ी		
देखिया ,,	खड़ी		
देख्या १ ,,	खड़ी		
देख्यौ १ ,,		ब्रज	
चला ९ ,,	खड़ी		
चल्यौ ४ ,,		ब्रज	
खाया १० ,,	खड़ी		
खायौ ५		ब्रज	
खाइयौ १		ब्रज	

भविष्य निश्चयार्थ

+है लगाकर भविय निश्चयार्थ की रचना मध्यकालीन खड़ी, ब्रज और अवधी तीनों में मिलती है—कबीर ग्रन्थावली में भी ये रूप पर्याप्त मात्रा में प्रयुक्त हुए हैं।+स् लगाकर भविष्य रचना की पद्धति प्राचीन रूपों की ओर संकेत करती है यद्यपि आज ।–स भविष्यत पंजाबी की विशेषता है। ।–ग् भविष्यत खड़ी तथा ब्रज की विशेषता है उसमें भी खड़ी में ।–गा तथा ब्रज में ।–गो गौ विभक्तियाँ लगती हैं। कबीर ग्रन्थावली से संकलित उदाहरणों में इनकी सापेक्षिक आवृत्ति निम्नलिखित है :–
प्रत्यय–

+है

	खड़ी	ब्रज	अवधी
जानिहै बिनसहै परिहै			

+सी				
होसी, करसी खेसी, भाजसी जासी, लाजसी आदि	,,	,,	,,	पंजाबी
+गा १२ आवृत्ति	खड़ी			
समाइगा १ बार	खड़ी			
नसाइगा १ बार	,,			
होइगा ८ आवृत्ति				
होइयो १		ब्रज		
गहेगा १	खड़ी			
जाइगा १०	खड़ी			
जानेगा १	खड़ी			
करेगा १	खड़ी			
बूड़ैगा २	खड़ी			
बिनसैगो ३		ब्रज		
+वा व कहिबौ १ आ०		ब्रज		
+बौ बो देबा १ आ०			अवधी	

क्षेत्रीय प्रकृति :––कबीर ग्रन्थावली में प्रयुक्त खड़ी-ब्रज--अवधी, पंजाबी, भोजपुरी के कुछ विशिष्ट व्याकरणिक रूपों की सापेक्षिक प्रयोगावृत्ति के आधार पर यह तो सहज ही ज्ञात हो जाता है कि कबीर ग्रन्थावली में खड़ी बोली के व्याकरणिक रूपों की अधिकता है। अतएव निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि खड़ी बोली ही कबीर ग्रन्थावली की मूलाधार बोली है; ब्रज, अवधी, भोजपुरी या पंजाबी नहीं। किन्तु मात्र इस निष्कर्ष से ही कबीर की काव्य-भाषा की प्रकृति पूर्ण रूपेण वर्णित नहीं हो पाती, क्योंकि खड़ी बोली के साथ-साथ ब्रज और अवधी रूपों के भी प्रचुर प्रयोग मिलते हैं। इस प्रकार भविष्य निश्चयार्थ में 'स' भविष्यत के भी बहुत प्रयोग हैं। इन रूपों का प्रयोग ऐसा नहीं है जिन्हें केवल ऊपर से लाया हुआ मिश्रण मात्र कहा जाए। कबीर की काव्य भाषा में खड़ी बोली के सर्वनाम के साथ ब्रजभाषा की क्रिया और ब्रजभाषा के सर्वनाम के साथ खड़ी बोली की क्रिया का सहज रूप में प्रयोग मिलता है। अतएव निष्कर्ष यही निकलता है कि जिन व्याकरण रूपों को हम ब्रज के रूप कहते हैं वे रूप भी कबीर की काव्य भाषा की आन्तरिक प्रकृति के स्वाभाविक रूप हैं जो शौरशेनी या पश्चिमी अपभ्रंश से हिन्दी को प्राप्त हुए थे और जिन्हें समान रूप से कबीर युग में खड़ी, ब्रज, अवधी की अविभक्त सम्पत्ति कहा जा सकता है। कबीर ग्रन्थावली में प्राप्त ऐसे रूप अनेक हैं जो तत्कालीन खड़ी-ब्रज तथा अवधी में समान रूप से प्रयुक्त होते रहे होंगे :––

यथा :—१–संज्ञा में वहुबचन का प्रत्यय 'अन्' 'अनि' २–कर्म-संप्रदान करण-अपादान, तथा संबंध कारक की संयोगी कारक विभक्ति ए–(अहि) ३–कर्म-संप्रदान की वियोग कारक परसर्ग कौं, को

करण-संप्रदान की वियोग कारक परसर्ग कौं,कौ

करण-अपादान की „ „ सौं, सों, त्यौं ते

अधिकरण की वियोगी „ „ में मैं, मांहि, महि

४—सर्वनाम–मैं, हम, तू, तुम, यह, एहु, सो जो, कौन

५—कृदन्त–पूर्वकालिक विभक्ति-करि

६—काल वर्तमान सामान्य विभक्ति—अहु, ऐ आदि

इसके अतिरिक्त कबीर की भाषा में कुछ ऐसे व्याकरणिक रूप मिलते हैं जो आज ब्रजभाषा (राजस्थानी, कनौजी, बुंदेलखंडी आदि) के ही विशिष्ट रूप कहे जाते हैं। इन प्रयोगों से इस तथ्य की ओर संकेत मिलता है कि खड़ी बोली मूलाधार बोली अवश्य है; किन्तु आगरा क्षेत्र की बोली भी उसमें अंतः सहयोगिनी की भांति संयुक्त है। इस प्रकार कबीर की काव्य भाषा में दिल्ली, मेरठ, आगरा की क्षेत्रीय बोली प्रधानतः काव्य भाषा के रूप में प्रयुक्त है। यद्यपि उसके केन्द्र में दिल्ली-मेरठ की बोली ही है। हिन्दी प्रदेश में बोली जाने वाली भिन्न-भिन्न बोलियों का जो सीमित क्षेत्र है उस सीमित चौखटे में कबीर की काव्यभाषा पूर्ण रूप से समा नहीं पाती है। जिस प्रकार कबीर की धार्मिक साधना किसी सीमित दार्शनिक वाद के कटघरे में नहीं समाती उसी प्रकार कबीर की काव्य भाषा भी वर्तमान बोलियों के सीमित क्षेत्र में समा नहीं पाती है। कबीर के काव्य में खड़ी-ब्रज के इतने सहज मिलन से यह भी सिद्ध होता है कि आज खड़ी, ब्रज की सीमाएँ जितनी निश्चित हैं वैसा अलगाव कबीर-युग में नहीं था। उस युग के भाषाशास्त्रियों या कवियों द्वारा दिए गए नामों से हम कबीर की भाषा की क्षेत्रीय प्रकृति का नामकरण करें तो अधिक न्यायसंगत होगा। कबीर से पूर्व अमीर खुसरो ने अपनी फारसी पुस्तक 'नूह सिपहर' में अपने समय की भारतीय भाषाओं की गणना की है। उन नामों में मध्यप्रदेश की दो भाषाओं का नामांकन करते हैं:(१) देहलवी (२) पूरबी। अमीर खुसरो ने बड़े गर्व के साथ कहा कि मैं फारसी के साथ-साथ हिन्दवी जानता हूँ और उसमें भी कविता कर सकता हूँ। खुसरो एटा जिला पटियाली में जन्मे और अधिकांश भाग दिल्ली में व्यतीत किया था अतएव खुसरो की हिन्दवी और देहलवी को समानार्थक मानना पड़ेगा। खुसरो की देहलवी या हिन्दवी में भी मूलाधार दिल्ली-मेरठ की खड़ी बोली है, किन्तु आगरे की भाषा भी सहज भाव से मिली है। निष्कर्षतः यही कहा जा सकता है कि देहलवी के क्षेत्र में उस समय दिल्ली-मेरठ-आगरा तथा पूर्वी पंजाब के पूर्वी भाग की बोली आती रही होगी। यही

तत्कालीन देहलवी या हिन्दवी अमीर खुसरो की काव्य भाषा थी इसी को अपनाकर नाथों ने हिन्दी प्रदेश तथा हिन्दी प्रदेश के बाहर भी अपने धर्म का प्रचार किया होगा—इसी देहलवी या हिन्दवी को मुसलमानों ने भी अपनाया और अन्तर्प्रान्तीय रूप प्रदान किया। उस युग में संस्कृत-पाली प्राकृत-अपभ्रंश के अतिरिक्त यदि किसी आधुनिक भारतीय आर्य भाषा को अन्तर्प्रान्तीय या राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त था तो वह पद हिन्दवी को ही जिसके केन्द्र में तो वही बोली थी जिसे आज हम खड़ी बोली कहते हैं किन्तु जिसके आन्तरिक प्रकृति के साथ ब्रज भी सहजरूप से मिली थी तथा उसमें अन्तर्प्रान्तीय क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाली अपभ्रंश या अवहट्ट से विकसित वे रूप भी मिलते थे जो अविभाजित धरोहर के रूप में पंजाबी, खड़ी, ब्रज, अवधी, राजस्थानी प्रदेश में प्रयुक्त होते थे। ऐसे रूपों को पंजाबी, खड़ी या ब्रज अथवा अवधी या भोजपुरी के रूप न कह कर तत्कालीन काव्य भाषा तत्कालीन प्रचलित भाषा के अविभक्त रूप कहना अधिक वैज्ञानिक और न्यायसंगत होगा। कबीर को सारे देश में हिन्दू-मुसलमान दोनों जातियों में अपने धर्म का प्रचार करना था अतएव कबीर को अपनी काव्य भाषा के रूप में प्रमुखतः उपर्युक्त हिन्दवी को अपनाना अधिक उपयोगी सिद्ध हुआ होगा। **कबीर की काव्य भाषा को तत्कालीन हिन्दवी की संज्ञा देना ही अधिक न्यायसंगत, अधिक वैज्ञानिक होगा।** गोरखनाथ तथा अमीर खुसरो की भाषा कबीर की हिन्दवी की पूर्वगामी कड़ी तथा दक्खिनी कवियों की हिन्दवी कबीर की भाषा की एक सम-सामयिक कड़ी कही जा सकती है। दक्खिनी कवियों से यदि गुजराती मराठी का क्षेत्रीय रंग निकाल दिया जाय तो कबीर की हिन्दवी के दर्शन हो जाएँगे। एक देश-व्यापी सरल-सीधी-हिन्दवी या हिन्दुस्तानी भाषा के माध्यम से समस्त देश में समस्त जातियों में अपने धर्म का प्रचार करने वाले स्वामी प्राणनाथ (१७वीं शताब्दी) की भाषा कबीर की हिन्दवी का १७वीं शती का रूप है और रामप्रसाद निरंजनी के 'योग-वासिष्ट' तथा दौलत राम के 'पउम चरिउ' में इसी हिन्दवी का १८वीं शती ई० का रूप विद्यमान है। यह कड़ी हमें १०९ शती ई० के प्रथम चरण में लल्लूलाल तक ले जाती है। यही कारण है कि लल्लूलाल के प्रेमसागर में मूलतः खड़ी बोली का प्रयोग होने पर भी ऐसे व्याकरणिक प्रयोग भी सहज रूप से गुथे हैं जिन्हें आज ब्रज भाषा के रूप कहा जाता है। उपर्युक्त विवेचन से यह तो निश्चयात्मक रूप से स्पष्ट हो जाता है कि हिन्दवी ही कबीर काव्य की प्रधान काव्य भाषा है। किन्तु इतने पर भी कबीर की काव्य भाषा का स्वरूप कुछ-कुछ अछूता रह जाता है। कबीर ने अन्तर्प्रान्तीय व्यवहार के लिए अपने काव्य में हिन्दवी को अपनाया किन्तु वह बनारस तथा मगहर की बोली को छोड़ नहीं सकते थे। आज भी यदि कोई अशिक्षित किन्तु पर्यटनशील स्वभाव का प्रचारक सारे देश में अपनी बात कहना चाहेगा तो राष्ट्रभाषा हिन्दी को

अपनाएगा, किन्तु राष्ट्रभाषा हिन्दी के साथ-साथ उसमें अपनी मातृभाषा भी सहज रूप से मिल जाएगी। उसी प्रकार कबीर के काव्य में हिन्दवी के साथ साथ कबीर की मातृ भाषा––बनारस और मगहर की बोली––भी सहज ही में मिल गई। इसी बोली को अमीर खुसरो ने 'पूरबी' की संज्ञा दी थी––उसी को प्राचीन कोशली तथा वर्त्तमान युग में अवधी की संज्ञा दी जाती है। रोड़ा कृत राउलबेलि[1] से यह ज्ञात होता है कि उस युग में भी प्राचीन कोशली या पूरबी में भी कविता हो सकती थी, किन्तु पूरबी या कोशली को लेकर सारे देश में प्रचार संभव नहीं था। अतएव, हिन्दवी को अपनाना आवश्यक हो गया होगा फिर भी अपनी मातृभाषा या जनपदीय भाषा का आ जाना स्वाभाविक था। कबीर की काव्यभाषा हिन्दवी में पूरबी के दो प्रकार के प्रयोग मिलते हैं: १––वे प्रयोग जो अन्तर्प्रान्तीय अपभ्रंश या अवहट्ठ के ऐसे अवशिष्ट रूप थे जो तत्कालीन खड़ी-ब्रज-अवधी सभी बोलियों में पाए जाते हैं। उन रूपों का आना तो सहज स्वाभाविक था क्योंकि वे सब में सर्वनिष्ट थे। २– दूसरे अवधी के कुछ ऐसे विशिष्ट रूप हैं जो नितान्त अवधी के ही हैं और कबीर की मातृ-भाषा होने के कारण ऐसे ठेठ शब्दों का आ जाना स्वाभाविक था। अवधी प्रदेश से मिला हुआ भोजपुरी का प्रदेश है अतएव अवधी के साथ यत्र-तत्र भोजपुरी के रूप भी आ गए हैं। यद्यपि भोजपुरी में बहुत सीमित प्रयोग मिलते हैं। इस प्रकार कबीर की काव्य भाषा हिन्दवी की पूरबी शैली अपनाए हुए है ठीक उसी प्रकार जैसे दक्खिनी कवियों की भाषा हिन्दवी की दक्खिनी शैली को ग्रहण किए हुए। कबीर के लगभग समसामयिक दक्खिनी के प्रथम लेखक ख्वाजा बंदा नेवाज़ के 'मिराजुल आशकीन' की भाषा को यदि हम दक्खिनी हिन्दवी कहेंगे तो कबीर की काव्य भाषा को पूरब में प्रचलित हिन्दवी कहना सब प्रकार से न्यायसंगत, वैज्ञानिक तथा ऐतिहासिक होगा। देशव्यापी धर्म तथा समाजसुधारक क्रान्तिकारी कबीर की प्रकृति के अनुकूल यही है। कबीर की काव्य भाषा को सधुक्कड़ी, खिचड़ी, पंचमेल मिठाई आदि नामों से संबोधित करना अवैज्ञानिक, अनैतिहासिक निष्कर्ष है वास्तव में कबीर की काव्य भाषा का एक ही स्वरूप है, एक ही भाषा वैज्ञानिक प्रकृति है उसे भिन्न-भिन्न बोलियों का मिश्रण कहना सर्वथा अवैज्ञानिक है। कबीर ने सचेत होकर अपनी काव्य भाषा का स्वरूप चुना था। अशिक्षा के कारण ऐसा नहीं हुआ कि जिस प्रदेश में गए **भाषा को अपनाया**। कबीर ने अपने काव्य के लिए उसी भाषा को चुना **जिसे उस युग में** तत्कालीन भारत की राष्ट्रभाषा कह सकते हैं।

कालानुक्रमिक विश्लेषण

उपर्युक्त विवेचन से यह तो स्पष्ट हो गया कि कबीर ने प्रधानतया काव्य भाषा

१––'राउल वेलि' डा० माताप्रसाद गुप्त १९६३

के रूप में तत्कालीन हिन्दवी का प्रयोग किया है। दूसरे शब्दों में कबीर की काव्य भाषा राष्ट्रभाषा हिन्दी की वह महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसके पूर्व में गोरखनाथ, अमीर खुसरो आदि की तथा बाद में प्राणनाथ, रामप्रसाद निरंजनी, दौलतराम और लल्लूलाल आदि की भाषा शृंङ्खला जुड़ी है। इस भाषा शृंङ्खला के संदर्भ में कबीर की काव्य भाषा के गठनात्मक अध्ययन के आधार पर कबीर के कालानुक्रम की समस्या को सुलझाने में कुछ सहायता मिल सकती है। गोरखनाथ तथा अमीर खुसरो की हिन्दी कविता या हिन्दवी के वैज्ञानिक संस्करण अभाग्य से अभी तक प्राप्त नहीं हैं अतएव इनसे इस समस्या पर विशेष सहायता नहीं मिल सकती है। किन्तु सुधारु रचित पउम चरिउ (१४ वीं श० शई०) छिताई वार्ता (१५वीं श०ई०) बीसलदेव राऊ (१४वीं श० ई०) आदि के वैज्ञानिक संस्करण सौभाग्य से प्राप्त हैं। इन ग्रन्थों में भी यत्र-तत्र खड़ी बोली या हिन्दवी के प्रयोग मिलते हैं अतएव इन ग्रन्थों के भाषा गठन तथा कबीर ग्रन्थावली के भाषा गठन के तुलनात्मक अध्ययन इस संबंध में उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। इन ग्रन्थों के ध्वन्यात्मक गठन में एक यह बात विशेष द्रष्टव्य है कि इसमें अउ अइ के स्वर संयोग (शब्द की अंतिम स्थिति में) अधिकांशतः प्राप्त होते हैं इनके अइ > ऐ और अउ > ओ के रूप में प्रयोग बहुत बिरल हैं जब कि कबीर ग्रन्थावली में इस दृष्टि से इन प्रयोगों का अनुपात ६० : ४० का होगा। जैसे-जैसे हम ख्वाजाबन्दा नेवाज़ (१३४६-१४२३) बजही (१६३५ ई० के लेखक) 'कुलजम सरूप' के लेखक प्राणनाथ (१६१८-१६९४ ई०) की ओर आते हैं वैसे ही वैसे अइ, अउ के स्वर संयोग लुप्त होने लगते हैं और इनके स्थान में ऐ और औ के बहुत प्रयोग मिलने लगते हैं। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि कबीर ग्रन्थावली का रचनाकाल पउम-चरिउ, छिताई वार्ता के बाद और मिराजुल आशिकीन सबरस और कुलजम स्वरूप के पूर्व ही सिद्ध होता है। गुरुनानक में इनका अनुपात लगभग ५० : ५० होगा। पदात्मक गठन के तुलनात्मक अध्ययन से भी हम इसी निष्कर्ष पर पहुँचते हैं। भूतकालिक समर्थक क्रिया के कर्ता के बाद कारक परसर्ग 'ने' का प्रयोग आधुनिक हिन्दी तथा मध्यकालीन हिन्दी की बहुत बड़ी विशेषता है। गोरखनाथ ने कबीर ग्रन्थावली में 'ने' का एक भी प्रयोग नहीं किया। परमचरिउ, छिताई वार्ता आदि पूर्ववर्ती ग्रन्थों में भी कर्ताकारक परसर्ग के रूप में 'ने' का प्रयोग दुर्लभ है। गुरुनानक की हिन्दवी में भी यह प्रयोग अलभ्य है। मिराजुल आशिकीन में इसके आधुनिक प्रयोग मिलने लगते हैं और सबरस तथा कुलजम सरूप तक तो बहुत प्रयोग प्राप्त होते हैं। इसी प्रकार कबीर ग्रन्थावली में अपभ्रंश के अनेक संयुक्त विशेषण तथा क्रिया पद मिलते हैं। जनभाषा में इन प्रयोगों का काल साधारणतः १६ शती ई० के प्रथम चरण के बाद में नहीं ले जाया जा सकता है। प्राचीन काव्य परम्परा में

पारंगत पंडित भले ही १६वीं-१७वीं शती ई० तक भी अपभ्रंश का प्रयोग करते रहे हों; किन्तु जनभाषा में काव्य रचने की प्रतिज्ञा करने वाले कबीर में इसके प्रयोग सिद्ध करते हैं कि कबीर ग्रन्थावली की भाषा १६वीं शती ई० के पूर्व की होनी चाहिए। इस प्रकार ध्वनि-पद गठन के आधार पर कबीर ग्रन्थावली की भाषा १४वीं शती के बाद और १६वीं शती ई० के पूर्व की सिद्ध हो जाती है जो सर्वथा इतिहास के अनुकूल प्रतीत होती है ।

निष्कर्ष के रूप में हम कह सकते हैं कि कबीर की काव्य भाषा में १५ श० ई० तथा १६वीं श० ई० पूर्वार्ध की हिन्दवी का वह स्वरूप सुरक्षित है, जिसे हम तत्कालीन राष्ट्रभाषा का स्वरूप कह सकते हैं ।

———